दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



2 साल तक छोड़ा परफ्यूम इस्तेमाल...

दूसरी बेटी के जन्म के बाद बनीं मल्टीटास्कर

वर्ष : 12 | अंक : 306 | लखनऊ, 03 नवम्बर, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026

पीएम बोले- क्लीन एनर्जी में 20 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के अवसर

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने यहां भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026' के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत के क्लीन एनर्जी सेक्टर में 20 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश अवसर बनने का अनुमान है। पिछले एक दशक में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, जबकि वर्ष 2024 में आयोजित री-इन्वेस्ट समिट के बाद से अब तक करीब 6 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए निवेश और विकसित व्यवस्थाओं ने देश को वैश्विक ऊर्जा संकट से बचाने में अहम भूमिका निभाई है

एक दशक में 15 हजार करोड़ से अधिक निवेश आया



एक्सपो का उद्घाटन करते पीएम मोदी के साथ कई राज्यों के मुख्यमंत्री

भविष्य स्वच्छ ऊर्जा में निहित

पीएम ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा सीधे आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी है और इसका भविष्य स्वच्छ ऊर्जा में निहित है। पश्चिम एशिया संकट सहित वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है। पिछले एक दशक में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए निवेश और विकसित की गई व्यवस्थाओं ने देश को वैश्विक ऊर्जा संकट के प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता साबित की है।

नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता असीमित, देश लाभ उठाए

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मौजूदा संकट ने दुनिया के सभी देशों को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा का सीधा संबंध आर्थिक सुरक्षा से है। जीवाश्म ईंधन के भंडार सीमित हैं और उनका वितरण कुछ क्षेत्रों तक सीमित है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता असीमित है और हर देश इसका लाभ उठा सकता है।

500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य

पीएम ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में संकल्प, जुनून और प्रदर्शन के आधार पर उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2021 में कॉप-26 के दौरान भारत ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया था। भारत इस लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और करीब 300 गीगावॉट क्षमता हासिल कर चुका है।

पीएम सूर्यघर योजना से 65 लाख से अधिक परिवार जुड़े

पीएम ने कहा कि फरवरी 2024 में शुरू की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। पिछले 24 से 25 महीनों में 65 लाख से अधिक घर इस अभियान से जुड़ चुके हैं। हर छह दिन में करीब एक लाख नए घर सौर ऊर्जा आंदोलन का हिस्सा बन रहे हैं। इन घरों के बिजली बिल में करीब 76% तक की कमी आई है।

किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनें

पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य सरोवर योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके तहत जलाशयों,



तालाबों और झीलों के ऊपर सोलर पैनल लगाकर बिजली पैदा की जा रही है। इससे जल निकायों का बेहतर उपयोग हो रहा है और जमीन की जरूरत भी कम हो रही है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को और विस्तार देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लाखों सोलर पंप वितरित किए जा चुके हैं, लेकिन अब सोलर पंप से आगे बढ़ने की जरूरत है। किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनें। किसान अपनी खाली जमीन पर सोलर पैनल लगाएं और खेतों की मेड़ों का भी सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयोग करें।

अमर संदेश

दीया मिर्जा के वीडियो पर महाराष्ट्र में विवाद बढ़ा

मुंबई। मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने बीएमसी के उस कदम का समर्थन किया जिसमें 'प्रदूषण मुक्त दिवाली' अभियान से अभिनेत्री दीया मिर्जा वाला वीडियो हटा दिया गया था। उन्होंने कहा कि हमें यह सिखाने के लिए दीया मिर्जा की जरूरत नहीं है कि हिंदुओं को दिवाली कैसे मनानी चाहिए। उन्होंने दिया को सनातन विरोधी कहा।



उनियाल बोले- इस्तीफा दूंगा, माफी नहीं मांगूंगा

देहरादून। दलेर मेहंदी विवाद को लेकर मंत्री सुबोध उनियाल बयान को लेकर एक बार फिर चर्चा में है।



एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री के बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें उन्होंने मंच से कहा कि मैं इस्तीफा देना पसंद करूंगा, माफी नहीं मांगूंगा। जीवन में आत्मसम्मान बहुत बड़ी चीज है। उन्होंने कहा था कि मुझे लगा दलेर मेहंदी नशे में हैं।

गैस पाइपलाइन में ब्लास्ट, युवक की मौत

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में पीएनजी गैस पाइपलाइन में रिसाव के कारण ब्लास्ट हो गया। शहर के



सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही-डुमरी इलाके में सोमवार को करीब 12 बजे हादसा हुआ। जिसमें एक युवक के सिर के चिथड़े उड़ गए, जबकि 4 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतक की पहचान निवास सिंह के रूप में हुई है।

निकाय चुनाव लड़ने से पीछे हटे टीएमसी पार्षद

कोलकाता। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के दिसंबर में होने वाले चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज पूर्व पार्षदों ने चुनाव लड़ने से दूरी बना ली है। इनमें कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम, शोभन चटर्जी, मेयर-इन-काउंसिल के कई पूर्व सदस्य और बोरो चेयरमैन भी शामिल हैं।



तेलगांना में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में बोले शाह

भारतीय नागरिकों को ही मतदान करने का होगा अधिकार, 3 करोड़ घुसपैठियों को नहीं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद 'अराजकता' के जरिये सत्ता हासिल करने और 'लोकतंत्र को कमजोर करने' की कोशिश कर रही है। उन्होंने यहां अपनी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिकों ने इन हमलों से अपने लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए कमर कस ली है'।

अमित शाह ने जनता से पूछते हुए कहा कि क्या घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए? एसआईआर करना चाहिए या नहीं करना चाहिए? पूरी की पूरी कांग्रेस एंड कंपनी एसआईआर को रोकने पर लगी है, क्योंकि ये जो घुसपैठिए हैं, उनकी वोट बैंक है। मगर हम भाजपा के कार्यकर्ता मजबूती के साथ एसआईआर के साथ खड़े हैं। इस देश में वही वोट डाल पाएगा जो इस देश का नागरिक है। उन्होंने कहा कि देश में 3 करोड़ घुसपैठिए हैं, उन्हें वोट नहीं डालने दिया जाएगा।

अराजकता से सत्ता हासिल करना चाहती है कांग्रेस

कांग्रेस घुसपैठियों को बचा रही, वही उनका वोट बैंक



पदयात्रा के बाद रैली को मंच से संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

हर घुसपैठिया मतदाता सूची से बाहर होगा

अमित शाह ने कहा कि कल दिल्ली में भी एक रैली हुई थी। राहुल जी की रैली हुई थी। इन्होंने कहा वोट बचाओ रैली है। ये वोट बचाओ रैली नहीं थी, घुसपैठिया बचाओ रैली थी। कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। भाजपा पार्टी एक-एक घुसपैठिए को मतदाता सूची और देश से बाहर निकालकर ही दम लेगी।

शाह ने भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की

अमित शाह के नेतृत्व में यह पदयात्रा बशीरबाग स्थित बाबू जगजीवन राम की



प्रतिमा से शुरू हुई और मोजम जही मार्केट पर समापन हुआ। तक जाएगी। शाह सोमवार दोपहर को यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पहुंचे। उसके बाद शाह ने चारमीनार स्थित देवी भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी उपस्थित थे।

राहुल झूठ बोल रहे कि 13 करोड़ मतदाता के नाम काटे

अमित शाह ने कहा कि राहुल (गांधी) बाबा कहते हैं कि 13 करोड़ वोट काट दिए हैं। ये झूठ बोल रहे हैं। 13 करोड़ वोट में से 6 करोड़ ऐसे हैं, जो दूसरी जगह रहने चले गए हैं। मुझे बताओ भाई, जो दूसरी जगह रहने चला गया हो, उसे दो जगह वोट देने का अधिकार है क्या? करीब 3 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है। अब जिनकी मृत्यु हो गई है, उन्हें हटाना चाहिए या नहीं हटाना चाहिए? राहुल जी, जो है ही नहीं, उनका वोट कौन आकर देगा। कांग्रेस पार्टी बोगस वोटिंग करके चुनाव हथियाना चाहती है। भाइयों-बहनों, एक करोड़ वोट ऐसे हैं, जिनकी डुप्लीकेट प्रविष्टि (एंट्री) है। अगर एक व्यक्ति के दो वोट हों, तो एक रद्द करना चाहिए या नहीं करना चाहिए?

सुधांशु का इंडिया गठबंधन पर हमला

राहुल लोकतंत्र के लिए चुनौती भारत की तरक्की से खुश नहीं



सुधांशु त्रिवेदी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भुवनेश्वर में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भारत के लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। राहुल गांधी ने एक गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश की है, जिसमें वे दावा करते हैं कि 'सत्ता-विरोधी लहर' चल रही है और उनकी पार्टी सत्ता में वापसी नहीं कर पा रही है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगा राहुल, आप केवल अराजकता फैला रहे हैं, लेकिन ठोस और वास्तविक तथ्य क्या कहते हैं? पिछले पच्चीस वर्षों से ओडिशा में कांग्रेस का एक भी सीएम नहीं रहा है। 1995 से आप गुजरात से नदारद हैं।

मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा और एनडीए सरकार के साथ, भारत इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सबसे बेहतर स्थिति में आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहे हैं। परसों ही, विश्व बैंक ने अपनी 2025 की रिपोर्ट में भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत सरकार ने पिछले 12-13 वर्षों में लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। 2011-12 में जहां 27 प्रतिशत लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे थे। अब यह घटकर केवल 2.6 प्रतिशत रह गया है। 2011-12 में जहां 57% लोग प्रतिदिन 4.2 डॉलर से कम कमाते थे आज केवल 16 प्रतिशत लोग हैं।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस पर गरजे भाजपा अध्यक्ष नवीन

राहुल विदेशी ताकतों के इशारे पर अस्थिरता पैदा कर रहे

कोलकाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों के समर्थन से संचालित टूलकिट कांग्रेस नेता राहुल गांधी का इस्तेमाल भारत में अस्थिरता पैदा करने के लिए कर रहा है। वे पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित एनडीए की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा और रैली में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का इस्तेमाल, विदेशी ताकतों के समर्थन से संचालित टूलकिट भारत में अस्थिरता पैदा करने के लिए कर रहा है। वह देश में अराजकता फैलाने के लिए विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि हमारा देश संविधान से चलता है। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की कमी के कारण कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अपनी शिकायतें उठाने में विफल रहे।



नितिन नबीन और सीएम सुबेंदु

कांग्रेस अपने कर्मों के कारण हारी: पात्रा

वाराणसी। भाजपा के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एसआइआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर कांग्रेस



के आरोपों का जवाब दिया। कांग्रेस के 2014 से 19 फरवरी 2025 तक कांग्रेस 56 चुनाव हार चुकी है। हम इसे 56 टिकुली कहते हैं। यही 56 टिकुली माथे पर लगा कर राहुल गांधी और कांग्रेस घूम रही है। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पिछले 10 से 40 वर्ष से सत्ता में नहीं होने का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस एसआइआर के कारण नहीं अपने कर्मों और कुकर्मों के कारण हार रही है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण पर सख्त एक्शन!

ग्रैप के तहत पहले दिन 68 लाख का जुर्माना, 1,500 गाड़ियां बाहर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली में सर्दियों के साथ बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत 1 नवंबर को प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। पहले ही दिन कुल 68.4 लाख रुपए का जुर्माना और पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है। इस दौरान जांच टीमों ने लगभग 15 हजार वाहनों की जांच की। इनमें से 1539 वाहनों को बॉर्डर से ही वापस भेज दिया गया। जबकि प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र के नियम तोड़ने पर 566



चालान काटे गए। रविवार शाम 5 बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, पीयूसीसी नियमों को तोड़ने पर 56.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली में एंट्री करने वाले वाहनों पर 2 लाख रुपए और निर्माण और तोड़फोड़ वाली जगहों पर धूल रोकने के नियमों का पालन नहीं करने पर 9.8 लाख रुपए का मुआवजा लगाया।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने दिए मदद के निर्देश

राहत वितरण में न हो कोई देरी प्रभावित राज्यों के साथ में केंद्र

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर में खरीफ फसलों की कटाई, मौजूदा मौसमी परिस्थितियों और रबी सत्र की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में देश के विभिन्न हिस्सों में सूखे, चक्रवाती प्रभाव और अनियमित वर्षा से उत्पन्न परिस्थितियों पर विचार-विमर्श करते हुए किसानों के हित में ठोस रणनीति बनाने के लिए निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि संकट के



समय किसानों के प्रति पूरी संवेदनशीलता बरती जाए और राहत कार्यों में प्रक्रियात्मक देरी बिल्कुल न हो। उन्होंने कहा कि कटाई के तुरंत बाद खेतों में उपलब्ध नमी का अधिकतम उपयोग करते हुए रबी फसलों की बुआई को गति दी जाए। जहां सिंचाई के पानी की सीमित उपलब्धता है, वहां चना, सरसों, मसूर को प्रोत्साहित करें।

हरमीत सिंह, चेतन सिंह और कुंवर सिंह ने सदस्यता ग्रहण की

पंजाब में आप को झटका, 3 विधायक भाजपा में हुए शामिल, नीतियों पर जताया 'विश्वास'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पंजाब आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब में आप के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। हरमीत सिंह पठानमाजरा (सनौर विधानसभा), चेतन सिंह जौड़ामाजरा (समाना विधानसभा) और कुंवर विजय प्रताप सिंह (अमृतसर उत्तर) ने इस्तीफा देकर सोमवार को भाजपा के नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



दाएं से आशीष ऊख अग्रवाल, केवल सिंह

सतीश पूनिया ने स्वागत किया

पंजाब भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया, सह-प्रभारी बीरेंद्र सचदेवा ने विधायकों का स्वागत किया। पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों तथा राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल मौजूद थे।

पंजाब की राजनीति के लिए यह दिन खास

कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल ने तीनों विधायकों का परिचय देते हुए कहा कि आज का दिन पंजाब की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जब परिवार में नए सदस्य जुड़ते हैं, तो वह हम सभी के लिए गर्व और हर्ष का अवसर होता है।

ट्रांसपोर्टनगर में कार-डीसीएम टकराने पर ड्राइवर से मारपीट, कागजात छीने

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्टनगर में कार से डीसीएम टकराने के बाद कार सवार चार लोगों ने डीसीएम चालक के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने चालक से गाड़ी के कागजात भी छीन लिए और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। रायबरेली के ऊंचाहार निवासी विजय बहादुर के मुताबिक वह 27 अक्तूबर की रात करीब दो बजे अपनी टाटा डीसीएम (यूपी 78 एफटी 0593) लेकर ट्रांसपोर्टनगर पहुंचा था। विजय बहादुर का कहना है कि पार्किंग नंबर एक के पास उसकी डीसीएम एक स्विफ्ट कार (यूपी 32 ईएच 7351) से छू गई। इसके बाद कार सवार श्याम कुमार, शमशूल, राकेश राठौर और विजय कुमार पांडेय ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही आरोपियों ने उसकी गाड़ी के पेपर भी छीन लिए और कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

स्क्रैप सेंटर से 7 लाख का माल चोरी, बैटरी-तांबा और DVR ले गए चोर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक स्क्रैप सेंटर को निशाना बनाते हुए करीब सात लाख रुपये कीमत के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सोमवार सुबह जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। बंथरा के पहाड़पुर निवासी रजनीश सिंह का स्क्रैप सेंटर बंथरा में जुनाब गंज स्थित ड्रीम वर्ल्ड के पीछे है। रजनीश सिंह के मुताबिक स्क्रैप सेंटर से रविवार रात चोर ट्रक की 10 नई और 12 पुरानी बैटरियों के अलावा करीब 105 किलो तांबे का तार सहित अन्य सामान व सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर चोरी कर ले गए। हालांकि सेंटर में लगे दूसरे कैमरे में चोरों की गतिविधियां कैद हो गई हैं। सोमवार सुबह पीड़ित जब अपने स्क्रैप सेंटर पहुंचा तो उसे घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के तहत यूपी में भाजपा निकालेगी पदयात्राएं

लखनऊ, बरेली, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर और गाजियाबाद में जुटेंगे पार्टी के दिग्गज नेता, राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर मुख्यमंत्री तक करेंगे नेतृत्व

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क की तैयारी शुरू कर दी है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदयात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और संगठन के पदाधिकारी नेतृत्व करेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं अभियान प्रभारी दिलीप पटेल ने बताया कि 3 नवम्बर से शुरू होने वाली इन पदयात्राओं के माध्यम से भाजपा विपक्ष के राजनीतिक एजेंडे और उसके दोहरे मापदंड को जनता के बीच उजागर करेगी। उन्होंने बताया कि 3 नवम्बर को राजधानी लखनऊ में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। इसी दिन बरेली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली जाएगी। वहीं, 4 नवम्बर को गोरखपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। इसी दिन प्रयागराज में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा कानपुर में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। अभियान का अगला चरण 5 नवम्बर को गाजियाबाद में आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान भाजपा विपक्ष की राजनीति, सत्ता परिवर्तन के एजेंडे और देश को अस्थिर करने के उसके कथित मंसूबों को जनता के सामने रखने का प्रयास करेगी। दिलीप पटेल ने कहा कि इन पदयात्राओं का उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा और अराजकता के विरुद्ध जनजागरण का संदेश जनता तक पहुंचाना है। भाजपा इन कार्यक्रमों के जरिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संगठनात्मक सक्रियता और जनसंपर्क को गति देगी।

सब्जी लेने निकला युवक सड़क किनारे घायल मिला, माथे में लगे 12 टांके

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों घर से सब्जी लेने निकला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने उसे पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। सरोजनीनगर के जयराज पूरी हाइडिल रोड निवासी स्व. पंकज तिवारी की पत्नी सुधा तिवारी के मुताबिक उनका 25 वर्षीय बेटा सत्यम तिवारी बीती 30 अक्टूबर शुक्रवार अपराह्न करीब 3 बजे घर से सब्जी लेने के लिए निकला। लेकिन शाम करीब 5 बजे तक वापस नहीं लौटा। बल्कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि उनका बेटा गहरु रोड स्थित श्याम नर्सिंग होम के बाहर घायल अवस्था में सड़क किनारे बेसुध पड़ा है। सुधा का कहना है कि यह जानकारी पाकर उनकी बेटी पूजा तिवारी वहां पहुंची तो सत्यम के माथे पर गंभीर चोट का गहरा घाव होने के साथ उससे खून बहता मिला।

छेड़छाड़ से परेशान 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

पिता ने पड़ोसी युवक और उसके परिजनों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप, मुख्य आरोपी हिरासत में; लापरवाही के आरोप में चौकी इंचार्ज निलंबित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के एक गांव में सोमवार दोपहर छेड़छाड़ और मानसिक प्रताड़ना से परेशान कक्षा 11 की छात्रा ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय किशोरी घर में अकेली थी। उसके माता-पिता बैंक गए हुए थे। घर लौटने पर पिता ने बेटी को बांस के सहारे चुनरी से बने फंदे पर लटका देखा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई।

किशोरी के पिता ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक और उसके परिजनों पर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने, पीछा करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को हिरासत में लिया है। पिता के मुताबिक, करीब एक महीने पहले उनकी बेटी स्कूल से साइकिल से घर लौट रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले युवक ने रास्ते में उसकी साइकिल रोककर छेड़छाड़ की थी। घर पहुंचकर किशोरी ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। आरोप है कि जब परिवार ने युवक के घर जाकर शिकायत की तो युवक और उसके परिजनों ने मारपीट की। इस दौरान चाकू से हमला कर पिता को घायल कर दिया गया। इसके बाद परिवार ने किशोरी को अकेले स्कूल भेजना बंद कर दिया था। उसे अन्य छात्राओं के साथ ई-रिक्शा से स्कूल भेजा जाने लगा। पिता का आरोप है कि इसके बावजूद युवक उसका पीछा करता रहा और परेशान करता था। इससे किशोरी मानसिक रूप से परेशान थी। पिता के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वह पत्नी के साथ बैंक से घर लौटे तो बेटी कमरे में फंदे से लटकी मिली। परिवार में एक बेटी और दो बेटे हैं।

चौकी इंचार्ज निलंबित

परिजनों ने पहले शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप चौकी इंचार्ज पर लगाया है। मामला संज्ञान में आने के बाद एसीपी ने चौकी इंचार्ज विवेक कुमार को निलंबित कर दिया। मलिहाबाद के अतिरिक्त इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पिता की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

वाराणसी और काठमांडू में खराब मौसम के कारण चार विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। वाराणसी और काठमांडू में सोमवार सुबह अचानक मौसम खराब होने और घने कोहरे के चलते दृश्यता कम होने से चार विमानों को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। इनमें वाराणसी जाने वाली इंडिगो की दो और काठमांडू जाने वाली हिमालय एयरलाइंस व फ्लाईदुबई की एक-एक उड़ान शामिल है। अचानक हुए इस बदलाव से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एयर पोर्ट सूत्रों के मुताबिक सोमवार सुबह नेपाल के काठमांडू में जहां अचानक मौसम खराब हो गया, वहीं वाराणसी में घना कोहरा छा गया और यहां की दृश्यता कम हो गई। जिसके कारण दोनों जगह विमान संचालन में दिक्कत होने लगी। इसी वजह से बेंगलुरु से वाराणसी पहुंची इंडिगो की उड़ान 6ई-6558 वहां नहीं उतर सकी, बल्कि उसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान डायवर्ट होकर सुबह 7:20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। वहीं दिल्ली से वाराणसी पहुंची इंडिगो की उड़ान 6ई-6246 ने डायवर्ट होकर सुबह 7:05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। इसके अलावा चीन के हांगझोऊ से काठमांडू पहुँची हिमालय एयरलाइंस की उड़ान एच-9226 डायवर्ट होने के बाद सुबह 7:40 बजे लखनऊ पहुंची। जबकि दुबई से काठमांडू पहुँची फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड-8399 भी काठमांडू एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। यह भी डायवर्ट होकर सुबह 8:18 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरी। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक किसी भी विमान में तकनीकी खराबी या आपात स्थिति नहीं थी। लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद चारों विमान काफी देर तक यहां खड़े रहे। वहीं मौसम सामान्य होने पर 9 बजे के बाद एक-एक करके सभी विमानों को थोड़े-थोड़े अंतराल पर लखनऊ से गंतव्य रवाना कर दिया गया।

ढाई हजार रुपये के विवाद में मजदूर की ईंट से कूचकर हत्या, दो गिरफ्तार

अपमान का बदला लेने के लिए साथी के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम, खून से सनी ईंट और कपड़े बरामद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के गोपरामऊ स्थित आम के बाग में मजदूर की ईंट से हमला कर हत्या किए जाने की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल खून से सने ईंट के टुकड़े और वारदात के समय पहने गए खून से सने कपड़े बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में हत्या की वजह महज 2500 रुपये के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार को बीघापुर निवासी मीना रावत ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके पति नन्हके रावत उर्फ बलऊ की गोपरामऊ स्थित आम के बाग में ईंट से हमला कर हत्या कर दी गई है। तहरीर के



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

आधार पर पुलिस ने चंद्रपाल रावत, रवींद्र विश्वकर्मा और कल्लू सिंह के खिलाफ हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

इंस्पेक्टर नवाब अहमद के नेतृत्व में पुलिस टीम हत्याकांड की जांच में जुटी थी। सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोपरामऊ ट्यूबवेल के पास घेराबंदी कर चंद्रपाल रावत और रवींद्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में चंद्रपाल ने बताया कि मृतक नन्हके के भतीजे संतोष ने उससे 2500 रुपये उधार लिए थे। रुपये वापस नहीं मिलने पर नन्हके ने उसे संतोष के घर बुलाया था। वहां संतोष और उसकी पत्नी से रुपये को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान खुद को अपमानित महसूस करने पर चंद्रपाल नन्हके से रंजिश रखने लगा। इसी खुन्नस में उसने अपने साथी रविंद्र के साथ मिलकर गोपरामऊ स्थित आम के बाग में नन्हके पर ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर रविंद्र के कब्जे से खून से सनी ईंट का टुकड़ा और वारदात के समय पहनी गई खून लगी शर्ट बरामद की। वहीं चंद्रपाल के पास से भी खून से सनी ईंट का टुकड़ा और खून लगी जींस बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार रवींद्र विश्वकर्मा के खिलाफ माल थाने में पूर्व में भी हत्या और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

फैजुल्लागंज में बच्चों को कपड़े खाद्य सामग्री शैक्षिक सामग्री और पटाखे वितरित कर रोशन की खुशियों की दिवाली



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दीपावली के पावन पर्व पर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से चंद्रा विकास फाउंडेशन की ओर से फैजुल्लागंज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। बच्चों को नए कपड़े, खाने-पीने की सामग्री, पढ़ाई-लिखाई से संबंधित सामान और पटाखे वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। बच्चों के साथ समय बिताते हुए सभी ने दीपावली की खुशियां साझा कीं। फाउंडेशन की ओर से किए गए इस प्रयास का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को भी त्योहार की खुशियों में शामिल करना और उनके जीवन में उत्साह एवं उमंग का संचार करना रहा। इस अवसर पर रुचि सिंह ने कहा कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। जरूरतमंद बच्चों के साथ दीपावली मनाना उनके लिए बेहद खास और यादगार अनुभव रहा। बच्चों की मुस्कान ही इस प्रयास की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस नेक कार्य में सहयोग देने के लिए प्रज्ञा, रूपम, रागिनी, पूनम और सुनीता का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि चंद्रा विकास फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करता रहेगा।

प्राइवेट एंबुलेंस ने स्कूटी सवार को रौंदा, 40 वर्षीय युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक प्राइवेट एंबुलेंस ने स्कूटी सवार को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वजीरगंज थाना अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के पास पुरी टोला हाथी कुआं निवासी आशीष कुमार श्रीवास्तव (40) और पड़ोस में रहने वाले वेदांत श्रीवास्तव सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित राज फार्मा नामक दवा कंपनी में काम करते हैं।सोमवार को वेदांत की स्कूटी से दोनों लोग ड्यूटी जा रहे थे।स्कूटी को आशीष चला रहे थे, जबकि वेदांत पीछे बैठे थे।तभी ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग नंबर -9 के पास पहुंचते ही सामने से उल्टी दिशा में आ रहे एक बाइक सवार के चक्कर में आशीष ने स्कूटी में ब्रेक लगा दी। इसी बीच पीछे से आ रही एक निजी अस्पताल की एंबुलेंस ने उनकी स्कूटी में ठोकर मार दी। जिससे स्कूटी सवार दोनों लोग सड़क पर गिर गये और एंबुलेंस आशीष को रौंदते हुए चली गई। बाद में दोनों लोगों को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। जबकि वेदांत का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी ऋचा के अलावा 8 साल का एक बेटा है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरों के सहारे घटना अंजाम देने वाली एंबुलेंस का पता लगा रही है।

किसान पथ पर कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल, दो दिन बाद इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के किसान पथ पर बीते दिनों नटकुर गाँव के पास चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हुए साइकिल सवार की दो दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक के बेटे ने बिजनौर थाने में चार पहिया वाहन के चालक संजय गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोसाईंगंज के जमालपुर निवासी रिजवान के मुताबिक उसके पिता मासूक अली (48) बंथरा के लोनहा गांव में काम करते थे।28 अक्तूबर की शाम करीब चार बजे वह साइकिल पर गैस सिलेंडर लादकर घर लौट रहे थे।इसी दौरान नटकुर के पास किसान पथ पर पीछे से आए चार पहिया वाहन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मासूक अली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 30 अक्तूबर की सुबह करीब चार बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रिजवान का आरोप है कि चालक संजय गुप्ता इलाज के लिए 19 हजार रुपये भेजने के बाद ना तो फोन उठा रहा है और ना ही सही तरीके से बात कर रहा है। फिलहाल रिजवान की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

मांस से भरी वैन पकड़ी, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज, दो आरोपी हिरासत में

सात बोरियों में मिला मांस, पशु चिकित्साधिकारी ने लिए छह नमूने

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद में मांस से भरी ओमनी वैन मिलने से हड़कंप मच गया। विश्व हिंदू परिषद पदाधिकारियों ने वैन में प्रतिबंधित मांस ले जाए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर पशु चिकित्साधिकारी से मांस के नमूने जांच के लिए भिजवाए। मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालक समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रुसेना निवासी विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री भूपेंद्र अर्कवंशी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह संगठन के कार्य से रहीमाबाद जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सफेद-सिल्वर रंग की ओमनी वैन (यूपी 32 एचपी 3774) में संदिग्ध मांस ले जाया जा रहा है। इस पर वह अपने साथियों के साथ रहीमाबाद रेलवे फाटक के पास पहुंचे। आरोप है कि वैन को रोककर तलाशी लेने पर उसमें सात प्लास्टिक की बोरियों में डेढ़ कुंतल से अधिक मांस मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। तहरीर के मुताबिक, वैन चालक ने अपना नाम फैजूल निवासी टिकरा बरार, संडीला, हरदोई बताया। उसने पूछताछ में बताया कि वह मलिहाबाद कस्बे के चौधराना निवासी इरशाद के यहां से मांस लेकर आ रहा था। उसके दो साथी रिजवान और इस्लाम मोटरसाइकिल से पीछे आ रहे थे। आरोप है कि पुलिस को देखकर दोनों मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर रहीमाबाद के पशु चिकित्साधिकारी नीरज कुमार को बुलाया। उन्होंने मांस के छह नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे हैं। पशु चिकित्साधिकारी के मुताबिक, लैब रिपोर्ट आने के बाद ही मांस किस पशु का है, इसकी पुष्टि हो सकेगी।

वहीं, पुलिस के मुताबिक मलिहाबाद के चौधराना निवासी इरशाद कस्बे में भैंसे का मांस काटकर बेचता है। उसके घर से करीब 15 किलो मांस के साथ कुल्हाड़ी, बांका और विभिन्न प्रकार के छुरे व चापड़ बरामद किए गए हैं। पुलिस ने भारी मात्रा में मांस को जमींदोज कराकर नष्ट करा दिया गया है।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि भूपेंद्र अर्कवंशी की तहरीर के आधार पर फैजूल, इरशाद, रिजवान और इस्लाम के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। चालक फैजूल और रिजवान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



आरोपी चालक फैजुल – फोटो



इसी वैन में बरामद हुआ मांस

भाजपा अनुसूचित मोर्चा लखनऊ महानगर की 47 सदस्यीय कार्यसमिति घोषित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर के अनुसूचित मोर्चा की 47 सदस्यीय महानगर कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व तथा भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की सहमति के बाद अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष कुंदन गौतम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की सूची जारी की। घोषित कार्यसमिति में संगठनात्मक जिम्मेदारियों के तहत कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए हैं।

मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि घोषित कार्यसमिति में मनोज वाल्मीकि, गणेश कनौजिया, सुनील कुमार, मनोज कुमार रावत, गोविन्द रावत, पिन्टू कुमार, हिमांशु रावत और राजा सोनकर को महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। देश प्रेमी विक्की, संजय धानुक और आयुष कुमार को महानगर महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में देवकुश, अमन सोनकर, राज गौतम, अंशु कनौजिया, समीर रंजन, रिशभ सोनकर, संतोष कुमार धानुक और विशाल वाल्मीकि को महानगर मंत्री बनाया गया है। गीता वर्मा को महानगर कार्यालय मंत्री तथा अयोध्या प्रसाद और धरम बाबा को सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। अंशु कुमार रावत को महानगर कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार और ज्ञान चन्द्र को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। दीपक कुमार को महानगर मीडिया संयोजक तथा महेन्द्र कुमार और राजू रावत को सह मीडिया संयोजक का दायित्व दिया गया है।

दीपांशु सोनकर को सोशल मीडिया संयोजक, शशिकांत राव और विनोद धीमान को सह सोशल मीडिया संयोजक, विशाल कुमार को शोध प्रमुख तथा अजय कुमार धानुक और वीना सोनवानी को सह शोध प्रमुख बनाया गया है। वहीं पुष्किन चौधरी को आईटी संयोजक तथा शिवा वाल्मीकि और आकाश प्रधान को सह आईटी संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त पुनीत गौतम, आदित्य दिवान, रूप चन्द्र वाल्मीकि, अजय, विकास गौतम, प्रवीण सोनकर, चन्दन प्रकाश धानुक, रवि गौतम, नरेश रावत और विनोद गौतम को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा आज

लखनऊ। भाजपा द्वारा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत 3 नवंबर को राजधानी लखनऊ में विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा सुबह 11 बजे लोकभवन से शुरू होकर परिवर्तन चौक स्थित स्टेडियम मेट्रो स्टेशन, हजरतगंज तक पहुंचेगी। इस पदयात्रा में 30 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में विशेष उत्साह है। पदयात्रा में मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्रीय प्रभारी दिलीप पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नीरज सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा भाजपा लखनऊ महानगर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

स्वस्थ बचपन ही सशक्त समाज व विकसित भारत की आधारशिला है : सतीश महाना



बाल स्वास्थ्य व पोषण को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सोमवार को विधान सभा में यूनिसेफ, उप्र कार्यालय तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में बाल्यावस्था में बढ़ते मोटापे की समस्या, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, बाल अधिकारों तथा स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। यूनिसेफ, उप्र कार्यालय के चीफ डॉ. जकारी एडम ने भी अपनी बात रखी।

बैठक में यूनिसेफ की ओर से स्वास्थ्य एवं पोषण विशेषज्ञों सहित अधिकारियों तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में बच्चों के बीच बढ़ते मोटापे को एक उभरती हुई गंभीर चुनौती बताते हुए इसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दूरगामी प्रभावों की जानकारी दी।

यूनिसेफ प्रतिनिधियों ने बताया कि बाल्यावस्था में मोटापा आगे चलकर गैर-संचारी रोगों तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के जोखिम को बढ़ा सकता है। इसका प्रभाव बच्चों की शिक्षा, दैनिक जीवनशैली और भविष्य की संभावनाओं पर भी पड़ सकता है। खाद्य वातावरण में बदलाव, वसा, नमक एवं चीनी की अधिक मात्रा वाले खाद्य पदार्थों का बढ़ता प्रचार-प्रसार तथा खान-पान एवं जीवनशैली को इसके प्रमुख कारणों में बताया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास संबंधी संयुक्त विधायी समिति की सभापति अंजुला माहौर सहित अन्य सदस्यों ने बच्चों के अधिकारों, पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा बाल्यावस्था में मोटापे की रोकथाम के लिए प्रयासों पर विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा, स्वस्थ बचपन ही सशक्त समाज और विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला है। बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और अधिकारों की रक्षा के लिए सभी को मिलकर निरंतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों से जुड़े विषयों पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रदेश के बच्चे स्वस्थ, सक्षम, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। बैठक में महिला एवं बाल विकास संबंधी संयुक्त विधायी समिति की सभापति अंजुला माहौर, प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे सहित विधानसभा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने किया विधान भवन का भ्रमण



लखनऊ। फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ के बीएससी नर्सिंग 7वें सेमेस्टर (बैच 2023-24) के विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण ने उ प्र विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने विधानसभा भवन की कार्यप्रणाली, सदन की व्यवस्था तथा विधायी प्रक्रिया जानने के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट की।

श्री महाना ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधानमंडल की भूमिका और जनप्रतिनिधियों के दायित्वों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए विधानसभा का भ्रमण केवल एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर भी है। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को बताया कि लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

विद्यार्थियों ने विधानसभा भवन के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया तथा की ऐतिहासिक एवं लोकतांत्रिक परंपराओं के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ हुई भेंट को प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक अनुभव बताया। इस अवसर पर फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संक्षेप

विद्युत विभाग ने पेड़ो का कराया कटान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी त्योहारो के मद्देनजर ट्रिपिंग रोकने और बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य कराया जाएगा।उपखण्ड अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 02 व 03 नवम्बर दिन सोमवार व मंगलवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र फतेहपुर -84 (तकिया) व 33/11 केवी सनीपुर ग्राम्ट की 33 केवी लाइनों के निकट पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य प्रस्तावित है इस कारण दोनों दिन सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक दोनों उपकेन्द्रों से जुड़ी विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे ग्राम कुरसठ टाउन, ऊगु टाउन, अतरधनी, सैता, दरोली, गौरिया कला, शेरपुर कला, बारीथाना, ब्योली इस्लामाबाद, हरईपुर, जहांगीराबाद, जोगीकोट, बेहटामुजावर, अकबरपुर व दसगवां आदि गांवों की बिजली प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। वाहन खड़ा कर उतरे चालक को तेज गति अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसे गंभीर हालत में बांगरमऊ से रेफर कर दिया गया।चालक रवी खान पुत्र सुलेमान निवासी वसरोहा जनपद इटावा ट्रक लेकर कही जा रहा था तभी सोमवार को सुबह पहर करीब 2:30 बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव जोगीकोट के निकट वह वाहन खड़ा कर लघुशंका आदि के लिए नीचे उतरा था इसी दौरान उधर से गुजरे किसी तेज गति के अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी इस हादसे के बाद उसे बांगरमऊ अस्पताल ले जाकर भरती कराया गया जहां के डाक्टरों ने उसका एक पैर टूटने की आशंका जताकर रेफर कर दिया।

हाईवे किनारे पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

उन्नाव। अचलगंज,थाना क्षेत्र में कोरारी मोड़ से पहले हाईवे किनारे अमरा के पेड़ से एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान अशोक गौतम पुत्र छेदीलाल गौतम, उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी राजेपुर, थाना दही के रूप में हुई है। पहचान जेब में मिले आधार कार्ड के आधार पर हुई।परिजनों ने बताया कि अशोक गौतम शाम 7 बजे घर से निकले थे। रात भर परिजन उन्हें ढूंढते रहे। सुबह शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिवार में पांच पुत्र और दो पुत्रियां हैं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मार्ग बदहाल, गड्ढों में भरा गंदा पानी; जिम्मेदारों की अनदेखी से हादसों का खतरा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सरकार भले ही सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के दावे कर रही हो, लेकिन मरौदा मझवारा बाजार से बाबा कुटी तक जाने वाली करीब दो किलोमीटर लंबी डामरीकृत सड़क इन दावों की हकीकत बयां कर रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं और उनमें गंदा पानी भरा हुआ है। हालात ऐसे हैं कि राहगीरों को सड़क से गुजरने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग की ओर से मरम्मत की कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है।

सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों रमेश, रामनाथ, मोहन, महेश, शंकर, छोटा और संजय आदि का कहना है कि पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। रात के अंधेरे में बाइक और साइकिल सवारों के गिरने की घटनाओं का खतरा बना रहता है।

सड़क की बदहाली का असर स्कूली बच्चों पर भी पड़ रहा है। बसों से आने-जाने वाले बच्चों और पैदल राहगीरों को कीचड़ व गंदे पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। सड़क किनारे घरों के पास जमा पानी से मच्छरों के पनपने की आशंका भी बढ़ रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क लंबे समय से खराब है, लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए हैं। सवाल यह है कि जब गांव की प्रमुख सड़क पर आवागमन इतना मुश्किल है, तो जिम्मेदार अधिकारी इसकी सुध क्यों नहीं ले रहे? क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क का तत्काल निरीक्षण कराकर गड्ढों की मरम्मत, जलभराव दूर करने और सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि लोगों को रोजाना जोखिम भरे सफर से निजात मिल सके।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हरदयाल अहिरवार से उनका पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी। अब देखना यह है कि विभाग ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेता है और बदहाल सड़क की मरम्मत कब शुरू होती है।

बेहाल किसान और परेशान जनता की पुकार भी नहीं सुन रहे बिजली विभाग के आला अधिकारी!

उन्नाव की 132 केवी हाईटेंशन लाइन बनी खतरे का सबब, जमीन के करीब लटक रहे बिजली के तारों से हादसों की आशंका

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बिजली विभाग के आला अधिकारियों की कथित लापरवाही का खामियाजा आज स्थानीय ग्रामीणों और किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्नाव की 132 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन, जो सरोजनी नगर उपकेंद्र से कुंदन रोड होकर गुजरती है, स्थानीय लोगों के लिए गंभीर परेशानी और खतरे का कारण बनती जा रही है। आरोप है कि इस लाइन का निर्माण कार्य जेएसके इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराया गया, लेकिन निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने के कारण बिजली के तार जमीन के बेहद करीब लटक रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि तारों की ऊंचाई कम होने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस कथित लापरवाही के चलते कई घरों को नुकसान पहुंचने की बात भी सामने आई है। सबसे अधिक परेशानी किसानों को उठानी पड़ रही है। खेतों के ऊपर से गुजरते और नीचे लटकते हाईटेंशन तारों के कारण फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, जिससे किसानों की मेहनत और उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में कथित भ्रष्टाचार और घटिया गुणवत्ता का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया है कि आखिर विद्युत विभाग ने कार्य पूर्ण होने के बाद गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच किस आधार पर की? यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हुआ था तो आज तार जमीन के इतने करीब कैसे पहुंच गए? हैरानी की बात यह है कि स्थानीय लोगों द्वारा संभागीय अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आरोप है कि अब तक कोई प्रभावी और सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बिजली विभाग के अधिकारियों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है?पीड़ित ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन एवं विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जेएसके इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराए गए कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए, जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो तथा प्रभावित परिवारों और किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही हाईटेंशन तारों को तत्काल निर्धारित सुरक्षित ऊंचाई पर कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी की जान-माल और फसलों को नुकसान न पहुंचे।

काशीराम कॉलोनी में घुसा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में सोमवार सुबह करीब 7 बजे आबादी के बीच मगरमच्छ दिखाई दिया। आबादी में मगरमच्छ देख हड़कंप मच गया।स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग को खबर दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया और उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।रेस्क्यू के बाद कॉलोनी के लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि घनी आबादी में मगरमच्छ के आने को लेकर लोगों में चर्चा बनी रही कि वह रिहायशी इलाके तक कैसे पहुंचा, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

गोवंश ले जाने की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता से मारपीट का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में गोवंश ले जाने की सूचना पर लोडर रोकने पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता से मारपीट का आरोप लगा है। घटना के विरोध में संगठन के लोगों ने रविवार रात करीब 11 बजे उन्नाव-रायबरेली मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस के जांच और कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम हटा लिया गया।

बजरंग दल पदाधिकारी नितिन शुक्ल के अनुसार कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक लोडर में गोवंश भरकर ले जाया जा रहा है। इस पर कार्यकर्ता गदनखेड़ा चौराहे पर पहुंचे और लोडर रोकने की कोशिश की। आरोप है कि चालक ने रफ्तार बढ़ाई और लोडर को एआरटीओ कार्यालय के सामने एक घर के पास खड़ा कर दिया।नितिन शुक्ल ने बताया कि इसके बाद कार्यकर्ता वैभव श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। आरोप है कि घर से निकले एक युवक ने खुद को भाजपा पदाधिकारी बताते हुए अन्य लोगों के साथ मिलकर कार्यकर्ता से मारपीट की। जानकारी मिलने पर बजरंग दल के अन्य कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और विरोध में मार्ग जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यकर्ताओं को समझाया और जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद जाम हटा। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

माता रानी के मंदिर परिसर में विशाल जागरण का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा बाजार स्थित आदि शक्ति पीठ मां डेहवा देवी मंदिर परिसर में आयोजित 11वें विशाल जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक उदयराज यादव व पूर्व ब्लाक प्रमुख बीतेंद्र यादव ने मां के दरबार मे आरती कर जगराते का शुभारंभ किया।जगराते मे जीएस जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना के साथ जागरण की शुरूआत की गई।जागरण में कानपुर से आई कलाकार सैफाली द्विवेदी ने मैया का चोला है रंगला गीत गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।कलाकार मानसी द्विवेदी ने मां मुरादे पूरी कर दे व ज्ञानेंद्र शुक्ला ने एक के बाद एक गीत गाकर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। जगराते मे विष्णु अवतार ,राधा कृष्ण,शिव आदि सुंदर झाकियां प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।आयोजक अमित जायसवाल ने अतिथियों को अंग वस्त्र व चित्र



भेंटकर स्वागत किया।

इस दौरान सुनील रावत ,हरिकेश यादव,सुरेश,नीलू,धनंजय,जवाहर ,रामशंकर पाल, सोनू साहू, आदि लोग मौजूद रहे।

कर्नल ने एनसीसी कंपनी का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवाबगंज 57 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रजत पाण्डेय ने सोमवार को श्याम लाल इंटर कॉलेज की एनसीसी कंपनी का निरीक्षण किया। इस दौरान एनसीसी कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया। निरीक्षण में कैडेटों का अनुशासन, प्रशिक्षण व्यवस्था और अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक मिला।

कर्नल रजत पाण्डेय ने एनसीसी कार्यालय, स्टोर रूम और कक्षा का निरीक्षण कर प्रशिक्षण सामग्री एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही कंपनी के अभिलेखों और दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने प्रशिक्षण संबंधी तैयारियों और व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

इस दौरान उन्होंने कैडेटों से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली और उन्हें अनुशासन, समयबद्धता, कर्तव्यनिष्ठा तथा नेतृत्व क्षमता को जीवन में अपनाने की सीख दी। उन्होंने एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संतोष कुमार तिवारी सहित सभी कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

कमान अधिकारी ने कहा कि एनसीसी कैडेटों को प्रशिक्षण के साथ अच्छे नागरिक और जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता बनने की दिशा में भी निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने वर्तमान कार्यशैली और अनुशासन को बनाए रखने की सलाह दी।

इस मौके पर डॉ. अनूप सिंह, धर्मेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

दो बाइकों की आमने सामने टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार रात रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का लखनऊ में इलाज चल रहा है।हादसा लोचनखेड़ा और करहिया गांव के बीच हुआ। लोचनखेड़ा निवासी अवधेश (45) पुत्र सरजू रविवार रात करीब 10 बजे पानापुर कला बाजार से घर लौट रहे थे। वहीं रसूलाबाद के शांति नगर निवासी संजय पुत्र राजेंद्र जो फिलहाल लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के मायापुर में रहते हैं, सफीपुर से रसूलाबाद जा रहे थे।इसी दौरान दोनों बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई।राहगीरों ने दोनों घायलों को मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर कुलदीप कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अवधेश की मौत हो गई। संजय को परिजन लखनऊ के अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अवधेश खेती-किसानी के साथ मजदूरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी निशा, मां श्याम रानी और तीन बच्चे हैं, जिनमें सात वर्षीय बेटी नैना उर्फ आशिकी, पांच वर्षीय बेटी महक और दो वर्षीय बेटा आकाश शामिल हैं।

अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मौरावां पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग के दौरान ग्राम उन्नत खेड़ा मोड़ से ग्राम संजर खेड़ा रोड की तरफ से अभियुक्त इमरान पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम संजर खेड़ा, थाना मौरावां को एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर और दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना मौरावां पर मु0अ0सं0 463/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्त पर गोवध निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, आईपीसी और आर्म्स एक्ट के तहत पहले से करीब 10 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 अजय यादव, कां0 विजय सोलंकी, कां0 जितेन्द्र यादव और कां0 प्रवेश कुमार शामिल रहे।

एक लोटा जल व बेलपत्र चढ़ाने से पांडवों को मिला राज्य पंडित प्रदीप मिश्रा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र में शिव महापुराण में आए महाभारत के अज्ञातवास के प्रसंग में शिव के महत्व की चौथे दिवस कथा सुनाते हुए भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने एक लोटा जल व बेलपत्र चढ़ाने से पांडवों को राज्य प्राप्ति और दुर्योधन के भाग्य में लिखा राज्य चले जाने की कथा सुनाई।भागवत भूषण ने शिव महापुराण में आए महाभारत के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि युधिष्ठिर ने कृष्ण से कहा कि एक बार हस्तिनापुर की सभा में धृतराष्ट्र और गांधारी ने परम विशिष्ट ज्ञानी ज्योतिष आचार्य को बुलाकर अपने पुत्र दुर्योधन के भाग्य के बारे में पूछा तो ज्योतिषाचार्य ने दुर्योधन के भाग्य में हस्तिनापुर के राज्य का राजा बनने के योग को बताया। जब दुर्योधन के भाग्य में राज्य लिखा है तो युद्ध करने से क्या फायदा।शकुनी से जुवे में पांडवों के हार जाने के बाद 12 वर्ष का बनवास व 1 वर्ष का अज्ञातवास मिला। पांडव जब बन जाने लगे तो भगवान कृष्ण ने उनके बन जाते समय पांचो पांडवों से कहा कि आप प्रतिदिन भगवान शिव पर एक लोटा जल, बेलपत्र और शिव की आराधना करें।अर्जुन ने कृष्ण की बात को काटते हुए कहा कि आप द्वारिका नाथ है आप कहते हैं कि हम शिव की आराधना करें।भगवान कृष्ण कहा राम व शिव में कोई भेद नहीं है राम ही शिव है, कृष्ण ही शिव हैं ,शिव ही विष्णु और ब्रह्मा है, ब्रह्म ही शिव है, ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों एक ही है। पांडव 12 वर्ष का वनवास व 1 वर्ष अज्ञातवास में भगवान शिव के ऊपर जल व बेलपत्र चढ़ाकर आराधना करते रहे। महाभारत का युद्ध आरम्भ हुआ कौरवों की सेना दिन पर दिन मारी जा रही थी धृतराष्ट्र ने पुनः ज्योतिषाचार्य को बुलाकर पूछा कि हमारे दुर्योधन के भाग्य में क्या है तो ज्योतिष आचार्य ब्राह्मण ने कहा कि दुर्योधन हस्तिनापुर का राजा बनेगा।युद्ध अंतिम चरण में पहुंचा तो फिर धृतराष्ट्र ने ज्योतिषाचार्य को बुलाकर पूछा अब दुर्योधन के राज प्राप्त करने के बारे में क्या योग है।ज्योतिषाचार्य ने कहा कि दुर्योधन के भाग्य में हस्तिनापुर का राज्य लिखा था लेकिन पांडवों द्वारा 12 वर्ष के बनवास व एक वर्ष अज्ञातवास में रहकर भगवान शिव के ऊपर एक लोटा जल, बेलपत्र से शिव की आराधना की उसके चलते निरंतर पांडवों की जीत हो रही है पांडवों के जीत का कारण भगवान शिव की आराधना है। पांडवों द्वारा एक लोटा जल चढ़ाने से दुर्योधन का राज छिन गया और पांडवों को राजपथ मिला। विधाता भाग्य लिखते हैं लेकिन शिव भाग्य को पलटने वाले हैं।

अपनी बदहाली पर आशु बहा रहा रेलवे स्टेशन



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत कानपुर बालामऊ रेलवे लाइन पर ऊगू रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बैठने की सही व्यवस्था न होने से यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्टेशन पर रेलवे पटरी के दोनों ओर घनी घास और झाड़ियां उगी हुई है जिनसे कीड़े मकोड़ों का भी खतरा बना रहता है। इस स्टेशन से सैकड़ों यात्री प्रतिदिन कानपुर उन्नाव एवं बालामऊ की तरफ रेल से यात्रा करते हैं। साफ जगह पर बैठने की जगह न होने से यात्रियों को रेलवे पटरी पर बैठकर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। इस स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों ने घास और झाड़ियां साफ कराने की माँग रेलवे विभाग से की है जिससे यात्री सुरक्षित ढंग से बैठकर ट्रेन का इंतजार कर सकें। साथ ही बैठने के लिए बेंच आदि बनवाने की भी मांग की है।

जमीन खाली कराने को लेकर हुए खूनी संघर्ष में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुशालपुरवा मजरे फरीदपुर कटुर में जमीन खाली कराने को लेकर हुए खूनी संघर्ष में 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम कुशाल पुरवा निवासी राकेश पुत्र भैरव ने थाने में तहरीर देकर में बताया कि दिनांक 01 नवम्बर की रात्रि लगभग 09 बजे गांव निवासी रामबिहारी पुत्र राजाराम, उसकी पत्नी गुड्डी पत्नी रामबिहारी, उनके पुत्र कुलदीप पुत्र रामबिहारी, नीरज पुत्र रामबिहारी, कैलाश पुत्र भगवानदीन, रघुराज पुत्र रामप्रकाश तथा यासीन खान पुत्र यूनुस खान निवासी ग्राम मदारनगर लाठी-डंडा लेकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि तुम लोग वह जमीन खाली कर दो नहीं तो जान से मार देंगे। पीड़ित द्वारा गाली देने से मना करने पर सभी ने लाठी-डंडों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बचाने आए पीड़ित के पुत्र सुशील, पत्नी रानी, बहू वीनू पत्नी संजय तथा संजय को भी विपक्षियों ने लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तहरीर में कहा गया है कि विपक्षियों ने पुत्र सुशील व बहू वीनू के सिर पर लाठी-डंडों से वार किया। जिससे दोनों मौके पर ही बेहोश हो गए। आसपास के काफी लोग मौके पर पहुंचे जिन्होंने बीच-बचाव कर पीड़ित परिवार को बचाया। इसके बाद सभी आरोपी जान-माल की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी 7 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ऋषि कपूर को सौंपी गई है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सवारियों से भरा ऑटो पलटा एक की मौत आधा दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज शिव कथा सुनकर वापस जा रहा सवारियों से भरा एक ऑटो रविवार की देर रात उन्नाव लालगंज मार्ग पर साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए पलट गया।जिसमें सवार आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई।जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।उपचार के दौरान साइकिल सवार राज मिश्री की मौत हो गई।रविवार की देर शाम गौरी बीघापुर से शिव कथा सुनकर वापस उन्नाव लौट रही आधा दर्जन सवारियां से भरा एक ऑटो उन्नाव लालगंज हाइवे के सराय मोड निकट बेथर निवासी साइकिल सवार राजमिस्त्री राजकुमार उर्फ बाबू को टक्कर मारते हुए पलट गया।जिसमें साइकिल सवार समेत ऑटो चालक कमलेश तथा उसमें सवार शिवनगर उन्नाव निवासी यात्री किरण शुक्ला, आशा बाजपेई, मिथलेश कुमारी, मीरा, रचना, माया गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को अचलगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया।साइकिल सवार राजकुमार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया।जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सम्पादकीय

एक बार फिर सड़क की राजनीति पर उतरे दल

देश में एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्षी दल सड़क पर सियासी जंग लड़ने उतर आए हैं। रविवार का दिन राजनीतिक सरगर्मी से भरा रहा। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला। वहीं, भाजपा ने इसके जवाब में देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाले। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मोर्चा संभाला तो हरियाणा के रोहतक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी के दिन रामलीला मैदान में रैली आयोजित कर पीड़ित परिवारों को भावनाओं की अनदेखी की है। भाजपा के मार्च में दंगा पीड़ित परिवारों और सिख समुदाय के लोगों की भागीदारी भी इसी मुद्दे को रेखांकित करने के लिए थी। वहीं, नितिन नवीन ने रोहतक में कांग्रेस पर वोट चोरी को अपनी विरासत बनाने का आरोप लगाया और राहुल गांधी को विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम करने वाला बताया। जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस पर सिख विरोधी हिंसा के पीड़ितों को भुलाकर राजनीति करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और जेल भेजने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी उन्होंने तीखी टिप्पणी की। इस तरह पूरे दिन दोनों खेमों के बीच राजनीतिक तल्खी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। विपक्ष का काम केवल सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि जनता के सवालों को मजबूती से उठाना और सरकार को जवाबदेह बनाना भी है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारी केवल होर्डिंग, नारेबाजी और सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से ही पूरी हो सकती है। कोई सीजेपी जैसी नई पार्टी ऐसा करे तो समझ आता है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस से अधिक परिपक्व राजनीतिक आचरण की अपेक्षा स्वाभाविक है। 18वीं लोकसभा में इंडिया गठबंधन के करीब 240 सांसद हैं। इतनी बड़ी संसदीय ताकत का उपयोग सदन में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, शिक्षा और चुनावी पारदर्शिता जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक बहस के लिए होना चाहिए। संसद के बाहर प्रतीकात्मक कार्यक्रमों करने के बजाय विपक्ष को तथ्यों और प्रमाणों के साथ सदन में सरकार को घेरना चाहिए। लोकतंत्र का मजाक नहीं, जवाबदेही तय करना विपक्ष की असली जिम्मेदारी है। वहीं, सत्ता पक्ष भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। संसद में विपक्ष को पर्याप्त अवसर देना, उसके सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार रहना सरकार का दायित्व है। संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। विपक्ष को भी संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के खिलाफ धमकी भरी भाषा के बजाय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। यह समझना होगा कि संसद देश को जनता की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं पर चर्चा का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। सदन में कामकाज बाधित करने से जितना नुकसान विपक्ष की भूमिका को होता है, उतनी ही जवाबदेही सरकार की भी बनती है, यदि वह चर्चा और संवाद के रास्ते बंद करती है। दोनों पक्षों को अपनी राजनीतिक सुविधा से ऊपर उठकर संसदीय परंपराओं का सम्मान करना होगा।




मुद्दा

प्रमोद भार्गव

दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने के उपाय को उत्सुक नजर आ रहा है। न्यायालय द्वारा दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों और तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह समिति कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा करेगी। साथ ही निगरानी तंत्र को पुख्ता बनाने के लिए सिफारिशें भी करेगी। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा होगी। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की एक याचिका भी लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर नियंत्रण और नियमन के लिए दिशा-निर्देश तय कर दिए जाएं? क्योंकि मौजूद व्यवस्था में बड़ी असामानता है।

इसके तहत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रावधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अंततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट दो माह के भीतर आनी है।

कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वे रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर बाहर की जा रही हैं। इस रिपोर्ट ने तय किया कि दवाओं की महंगाई का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। इसके मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। ग्लैक्सोस्मिथक्लाईन, फाइजर, रैनबैक्सी, डॉ रेड्डी लैब्स और एलेमबिक जैसी नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों से जुड़ी एक विडंबना यह भी देखने में आती है कि दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा कारोबार देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वही दवा



लिखते हैं, जो उन्हें दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है। इसी संदर्भ में इस याचिका से जुड़े न्यायामूर्ति संदीप मेहता को कहना पड़ा था कि मामला एक गंभीर पहलू का ही है।

एक दवा डीलर की पत्नी का इलाज हो रहा था। कीमो में काम आने वाला इंजेक्शन 11 हजार रुपये का था। लेकिन निजी अस्पताल में 1.30 लाख रुपये में दिया जा रहा था। दवा डीलर ने अस्पताल से निवेदन किया कि इंजेक्शन बाहर से लाने दें, लेकिन मना कर दिया। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने कैंसर की 2700 रुपये की एक दवा को 27 हजार में बेचे जाने पर 'डकैती' की संज्ञा दी थी। ऐसी डकैती की कीमत आम मरीज चुका रहे हैं। फार्मा कंपनियां किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि वे अपने कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाव हुए हैं। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं।

दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते है, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। लिहाजा चिकित्सक मरीज की इस लाचारी का लाभ पूरे देश में धड़ल्ले से उठा रहे हैं। एंटीबायोटिक दवाओं ने जहां अनेक संक्रामक रोगों से मानव जाति को बचाया, वहीं दुष्परिणाम स्वरूप शरीर की प्रतिरोधात्मक शक्ति को कमजोर भी किया। जिस तरह मानव शरीर विभिन्न प्राकृतिक तापमान, वायुमंडल व भौगोलिक परिस्थिति और पर्यावरण के अनुकूल अपने को ढाल लेता है, उसी तरह हमारे धरती पर अस्तित्व के समय से ही सूक्ष्मजीव और उनके विरुद्ध शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधात्मक शक्ति का भी परिवर्तित विकास होता रहा है। कुदरत का कमाल देखिए, एंटीबायोटिक दवाओं ने देने के बीच के संतुलन को गड़बड़ा दिया, लिहाजा एंटीबायोटिक दवाएं जब-जब सूक्ष्मजीवों पर मारक साबित हुई, तब-तब जीवाणु और वीषाणुओं ने अपने को और ज्यादा शक्तिशाली बना लिया। सोचा, महागीजाणु कभी नष्ट नहीं होने वाले रक्तबीजों की श्रेणी में आ गए हैं। इसलिए आज वैज्ञानिकों को कहना पड़ रहा है कि एंटीबायोटिक दवाओं की मात्रा पर अंकुश लगना चाहिए।

दवा कंपनियों की मुनाफे की हवस और चिकित्सकों का बढ़ता लालच, इसमें चाचा बने हुए हैं। चिकित्सक सर्दी-जुकाम और पेट के साधारण रोगों तक के लिए बड़ी मात्रा में एंटीबायोटिक दवाएं दे देते हैं। ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति के मुनाफाखोरों ने प्रायोजित शोधों के मार्फत आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा और होम्योपैथी को अवैज्ञानिक कहकर हाशिए पर डालने का काम भी शड़यंत्रपूर्वक किया है। बावजूद सूक्ष्मजीव कायांतरण के नए-नए रूपों में सामने आना शुरू हो गए हैं, तब से एंटीबायोटिक दवाओं की सीमा रेखांकित जरूर की जाने लगी है, किंतु मुनाफे की हवस इस मर्यादा को लांघ जाने का उपक्रम करती ही रहती है।

ग्राम स्वराज योजना

डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



आत्मनिर्भर पंचायतों से विकसित भारत की ओर

ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा, रायपुर (छत्तीसगढ़) महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना एक महत्वपूर्ण पहल है। सुशासन योजना, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को केंद्र में रखकर तैयार यह योजना ग्रामीण लोकतंत्र व्यवस्था को नई दिशा देने के साथ पंचायतों को अधिक सक्षम, जवाबदेह और आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक योजना के क्रियान्वयन को मंजूरी दी है। इसके लिए कुल 7,39,555 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें 4,69,955 करोड़ रुपये केंद्रीय अंश और 2,526.07 करोड़ रुपये राज्यांश के रूप में शामिल है। यह योजना विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण लोकतंत्र व्यवस्था में अगली पीढ़ी के सुधारों की पहल है। इसका प्रमुख उद्देश्य ग्राम पंचायतों को स्थानीय जरूरतों, उपलब्ध संसाधनों और राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप समग्र विकास योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाना है। इसके तहत सहभागी और साक्ष्य आधारित नियोजन को बढ़ावा देते हुए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 2.55 लाख समग्र ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार करने में सहायता दी जाएगी।

ग्रामीण विकास के लिए मजबूत नियोजन की जरूरत: पिछले करीब दो दशकों में पंचायती राज संस्थानों द्वारा लिए गए राष्ट्रीय सुधारों और सरोकारों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाने और ग्रामीण विकास के लाभ को बराबर पैमाने करने का आधार तैयार किया है। इन उपलब्धियों का लाभ गांवों तक पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर जानकारी, जानकारीदारों और बेहतर स्थानीय नियोजन आवश्यक है। 16वें वित्त आयोग द्वारा वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए लगभग 4.35 लाख करोड़ रुपये की सिफारिश किए जाने के मद्देनजर पंचायतों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। अब आवश्यकता इस बात की है कि पंचायतें राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्ध वित्तीय संसाधनों और स्थानीय आवश्यकताओं को एकीकृत करते हुए विकास का स्पष्ट खाका तैयार करें।

ग्राम पंचायतें बनेंगी विकास की धुरी: इस योजना में ग्राम पंचायतों को स्थानीय नियोजन और विकास के कार्यों के समन्वय का प्रमुख केंद्र बनाया गया है। पंचायतें गांवों की प्राथमिकताओं, उपलब्ध संसाधनों और विकास की चुनौतियों को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार कर सकेंगी। इससे वह केवल सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नहीं रहेंगे, बल्कि अपने विकास की दिशा और प्राथमिकताएं तय करने वाले सक्षम स्थानीय निकाय के रूप में उभरेंगे।

वित्तीय आत्मनिर्भरता और पारदर्शिता पर जोर: दिशा में पंचायत की मजबूती केवल उन्हें मिलने वाले सरकारी अनुदान से तय नहीं होती, बल्कि उनकी अपनी आय अर्जित करने की क्षमता में उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना पंचायतों को स्रोत के राजस्व स्रोत बढ़ाने, वित्तीय प्रबंधन सुधारने और उपलब्ध निधियों का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

योजना के तहत ऑनलाइन लेखांकन, ऑडिट और सार्वजनिक सूचना के प्रकाशीकरण को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। इससे पंचायतों के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ेगी, वित्तीय अनियमितताओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और विकास कार्यों के प्रति जवाबदेही मजबूत होगी।

विश्वसनीय आंकड़ों से योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन: ग्रामीण विकास की राह में कई चुनौतियों में से एक विश्वसनीय आंकड़ों की योजनाओं के बीच असंतुलन का अभाव है। कई बार संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद विश्वसनीय जानकारी की कमी के कारण स्थानीय जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं। प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना इस समस्या के समाधान की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों की विकास प्रक्रियाओं को एकीकृत डिजिटल मंच से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इससे ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार करने में विभागों के बीच आपसी तालमेल बढ़ेगा।

विकसित भारत के संकल्प में गांवों की निर्णायक भूमिका

विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है, जब देश के लगभग छह लाख गांव आर्थिक, सामाजिक और संस्थागत रूप से मजबूत बनें। ग्रामीण विकास का आधार सशक्त पंचायतें, जानकार नागरिक, पारदर्शी प्रशासन और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तैयार की गई विकास योजनाएं हैं। प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना इन्हीं उद्देश्यों को एक साथ जोड़ने वाली अहम पहल है।

क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित

दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन को शांत खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

गणेश विनायक जी की कथा



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक छोटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बच्चे पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैंने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि बेटी तुमें क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

एकता के मंत्र पर अमल करना भी जरूरी

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकता की भावना को बढ़ाने के रूप में भी मनाया जाता है, जोकि उचित ही होता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को आजाद कराने के साथ-साथ देश की एकता को मजबूत करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। इन्होंने रियासतों को अलग-अलग अंग्रेजों से दिलाने के लिए काम किए थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज ही दिन मुख्य कार्य के लिए याद किया जाता है तो वे थे देसी रियासतों का एकीकरण। आज भारत को उनके विचारों को कार्यरूप देने की जरूरत है। - साक्ष लठ्ठ, बरेली कलां

ट्रेंड

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

बेहतर रेल कनेक्टिविटी की दिशा में एक और कदम, और यह भी खासतौर और नवरात्र के शुरू होने पर। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, बेंगलुरु और हुबली के बीच कनेक्टिविटी के लिए एक तोहफा साबित होगी। - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सिख नरसंहार

1 नवंबर को दिल्ली की पहली 1984 के सिख नरसंहार के निर्मम पीड़ितों को याद करती है, जबकि उसी दिन राहुल गांधी की कांग्रेस 'सौहार्द यात्रा' का जश्न मना रही है। दशकों लंबे संघर्ष पर 1984 का कलंक लगा है। इसे राहुल गांधी के 'लोकतंत्र बचाने' के नारे से नहीं धोया जा सकता। - रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मजाक

बिहार के नेता राहुल गांधी की रामलीला और केवल झूठे मतदाता लड़ने, संवैधानिक संस्थाओं पर हमले करने का सिलसिला कर रहे हैं। लगातार ये हमला करने वाले कांग्रेस के 'युवराज' ने अब अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में भी लोकतंत्र का मजाक उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। - धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, भाजपा

संजय का बेवक्त जाना

बहुत जल्दी चले गए संजय सुब्रत। उनके जीवन और बहुत अधिक विवेक वाली थे, उनके सामने अभी कई साल और कई महत्वाकांक्षी थीं। हर से दिल तोड़ने वाला है। उनके परिवार को हिम्मत और शक्ति मिले। - अमन देवगण, फिल्म अभिनेता

करंट अफेयर

बाइनेंस से चोरी के लिए उत्तर कोरिया जिम्मेदार: एफबीआई

अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी की घटना को उत्तर कोरिया के हैकर्स ने अंजाम दिया जिसमें कुछ ही मिनट के भीतर बाइनेंस से अरबों डॉलर की डिजिटल मुद्रा चोरी कर ली गई। एफबीआई ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इस सप्ताह हुआ साइबर हमला 'लेजरटेटर' नामक समूह की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से जुड़ा है। उसने पहले कि इसी समूह ने पिछले साल बायबिट पर 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर की साइबर चोरी को भी अंजाम दिया था।



ऑफ बीट

रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे बिस्तर पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात का स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है।



संक्षेप

यातायात माह शुरू, पुलिस ने निकाली रैली

एसपी सरवणन टी ने गौरीगंज में दिखाई हरी झंडी

अमेठी ,यातायात माह की शुरूआत हुई। सड़क हादसों को रोकने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस ने रैली निकाली। सुबह 10:30 बजे एसपी सरवणन टी ने गौरीगंज स्थित पुलिस कार्यालय से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें यातायात पुलिसकर्मी और स्कूली बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने हाथों में यातायात जागरूकता से जुड़े बैनर और पोस्टर लेकर कस्बे में लोगों को नियमों का पालन करने का संदेश दिया। रैली शहर के मुसाफिरखाना तिराहे तक गई और फिर एसपी ऑफिस लौटकर समाप्त हुई।पुलिसकर्मियों और बच्चों ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, बाइक पर तीन सवारी न बैठाने और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने की अपील की। उन्होंने शराब पीकर वाहन न चलाने और तेज गति या लापरवाही से गाड़ी चलाने से बचने को भी कहा।

एसपी ने रात में तीन जगह वाहनों की जांच की

अमेठी में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और पीआरवी को परखा

अमेठी ,एसपी सरवणन टी ने ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत रात में पुलिस टीम के साथ तीन जगह वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच की। यह अभियान रात 1 बजे से सुबह 4 बजे तक चला।पुलिस ने जामो थाना क्षेत्र के बाजार, जगदीशपुर के गुलाबगंज चौराहे और गौरीगंज थाना क्षेत्र के महिला थाना बाईपास पर चेकिंग की। एसपी ने चेकिंग पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों और पीआरवी की ड्यूटी भी जांची।एसपी ने पुलिसकर्मियों को चेकिंग में लापरवाही न करने और लोगों से शालीनता से बात करने के निर्देश दिए। अभियान का उद्देश्य अपराध और अपराधियों पर रोक लगाना और जिले में सुरक्षा व शांति बनाए रखना है।ऑपरेशन के तहत जिले के सभी थानों की पुलिस सीमा और अंदरूनी इलाकों के मुख्य रास्तों, चौराहों और संवेदनशील जगहों पर बनाए गए चेकिंग पॉइंट पर जांच कर रही है। पुलिस संदिग्ध वाहनों और लोगों की जांच कर रही है।

एसपी ने रात में तीन जगह वाहनों की जांच की

अमेठी में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और पीआरवी को परखा

अमेठी , एसपी सरवणन टी ने ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत रात में पुलिस टीम के साथ तीन जगह वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच की। यह अभियान रात 1 बजे से सुबह 4 बजे तक चला। पुलिस ने जामो थाना क्षेत्र के बाजार, जगदीशपुर के गुलाबगंज चौराहे और गौरीगंज थाना क्षेत्र के महिला थाना बाईपास पर चेकिंग की। एसपी ने चेकिंग पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों और पीआरवी की ड्यूटी भी जांचीएसपी ने पुलिसकर्मियों को चेकिंग में लापरवाही न करने और लोगों से शालीनता से बात करने के निर्देश दिए। अभियान का उद्देश्य अपराध और अपराधियों पर रोक लगाना और जिले में सुरक्षा व शांति बनाए रखना है।

एजीसी स्कूल में फैंसी फेट-2026 का आयोजन, बच्चों ने लगाए खानपान और खेलों के आकर्षक स्टॉल

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। एजीसी स्कूल परिसर में सोमवार को बाल मेले (फैंसी फेट-2026) का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले में स्कूल के विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खानपान और मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्साह का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रुपईडीहा पत्रकार संघ एवं अमर उजाला के स्थानीय संवाददाता संजय वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मेले के टिकट वितरित किए और उनके द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर खेलों में हिस्सा लिया तथा खानपान का आनंद उठाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मेले में शिक्षिकाओं पूनम कुमारी, शिप्रा और सुष्मिता ने टिक्की चाट का स्टॉल लगाया, जबकि पूर्णिमा मिश्रा और कल्पना सी. ने बिंदी ऑन ब्राइड खेल के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन किया। तानिया और दिया ने नेपाली चटपटे, जीनत फातिमा ने संतरे पर सिक्का संतुलित करने का खेल तथा प्रतिमा ने आइसक्रीम का स्टॉल लगाया। सीमा संस्थान की ओर से बैग, पानी और स्नैक्स की व्यवस्था की गई। इसके अलावा अंकुर त्रिपाठी ने पॉपकॉर्न, नूपुर सिंह ने मैच द नंबर्स, रीता पौडेल और एस्थर मसीह ने पकौड़ी-चटनी तथा पूनम सिरपाली और किरण ने चाउमीन का स्टॉल लगाया। अमित श्रीवास्तव और प्रतीक्षा ने लकी व्हील, तबिता, आशा, स्नेहलता, रेचल और सुरक्षा ने वेज मोमोज का स्टॉल लगाया। अरुणिमा चक्रवर्ती ने बॉलिंग, रीता श्रीवास्तव और कल्पना ए.डी. ने पानी पूरी तथा अंशुमान वर्मा ने कॉइन इन द बकेट खेल का स्टॉल लगाया। इसी क्रम में तृप्ता दास ने कोल्ड ड्रिंक, बुद्धिका परियार और रितिका ने स्टैंड ए बॉटल, जॉन, कृपा और डेबोरा ने चिकन रोस्ट, बबीता टुडू ने फ्लिप द बॉल इनटू द ग्लास, अनीश, योगेश और इरशाद ने नॉनवेज बिरयानी तथा अतिया ने मटर चाट का स्टॉल लगाया। अंशिका पाठक ने स्पिट इट खेल और प्रिया अग्रवाल ने पाव भाजी का स्टॉल लगाया। रश्मि बंसल ने फाइंड द क्वीन, उपहार और निर्मला ने कपकेक तथा योगेंद्र प्रसाद शुक्ला ने हिट द कोकोनट खेल के जरिए मेले को और भी आकर्षक बनाया। वहीं विनय शर्मा ने संगीत, अभिषेक त्रिवेदी और मार्था ने चूड़ियों के बीच सिक्का डालने का खेल, राजू लाल ने बास्केटबॉल का स्टॉल लगाया। कैफेटेरिया की जिम्मेदारी ज्योति, खुशी, डेबोरा, निर्मला, माया और आशिका ने संभाली। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और खेलों से सजे स्टॉल बच्चों एवं अभिभावकों के आकर्षण का केंद्र रहे। मेले से प्राप्त होने वाली धनराशि का उपयोग जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने, उनके लिए कॉपी-किताबें एवं पढ़ाई से जुड़ी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही नेपाल में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए किया जाएगा। इस प्रकार बाल मेले ने मनोरंजन के साथ सामाजिक सरोकार और जरूरतमंदों की मदद का संदेश भी दिया।

मोतीपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित दो को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। थाना मोतीपुर क्षेत्र में दहेज हत्या के मुकदमे से संबंधित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डीपी तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ ने पिछले दिनों हुई महिला की हत्या के प्रकरण में पंजीकृत मुकदमे में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि 30 अक्टूबर को वादी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई की आवेदिका की पुत्री को उसके पति व ससुराली जनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जिससे वादी की बेटी की मृत्यु हो गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें मृतका के पति रवि शंकर नाग तथा सास गीता देवी निवासी छोटी बाजार मिहींपुरवा थाना मोतीपुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल भगवान दास, सिपाही रघुवीर प्रसाद, महिला सिपाही शिखा वर्मा शामिल रही।

घाघरा नदी में मछली पकड़ने गए युवक की डूबकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

एक दिन बाद मिली घटना की सूचना, पुलिस मौके पर पहुंचकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रदेव पूर्व गोडहिया नंबर तीन निवासी 25 वर्षीय वीरेंद्र चौहान पुत्र राधेश्याम की घाघरा नदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र चौहान 1 नवंबर को दोपहर करीब 2 बजे मछली पकड़ने के लिए घाघरा नदी पर गया था। इसी दौरान वह नदी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।सोमवार 2 नवंबर को घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बताया गया कि इस संबंध में स्थानीय थाने में गुमशुदगी दर्ज थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस बल मौके पर मौजूद है तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है।

रूपईडीहा थाना अंतर्गत शिवपुर मोहरनिया पुलिस चौकी का पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा किया गया भव्य उद्घाटन

एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में चौकी को मिला नया स्वरूप, एएसपी ग्रामीण व नगर समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण थाना रुपईडीहा अंतर्गत शिवपुर मोहरनिया पुलिस चौकी का जीर्णोद्धार कार्य सोमवार को संपन्न हुआ। पुलिस चौकी के जीर्णोद्धार से चौकी परिसर को नया स्वरूप मिला है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव (आईपीएस) के निर्देशन में संपन्न हुए इस कार्य के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी (पीपीएस) तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह (आईपीएस) मौजूद रहे। इसके साथ ही चौकी प्रभारी रजनीश पाण्डेय, थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।सोमवार 2 नवंबर 2026 को जीर्णोद्धार कार्य संपन्न होने के उपलक्ष्य में पुलिस कर्मियों समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।गौरतलब है कि शिवपुर मोहरनिया पुलिस चौकी क्षेत्र की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चौकी के जीर्णोद्धार से पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध होने के साथ ही क्षेत्रीय पुलिस व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।

पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व दो अज्ञात पर दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर बाढ़ के समय गंगा नदी के निकट हिंदूपुर गाँव के पास हुए रोड कटान के पास शुक्रवार को एक कार गंगा नदी में गिर गई थी जिसमें सवार एक युवक किसी तरह बाहर निकल कर बच गया था जबकि दूसरा सवार गंगा नदी में गिरने से लापता हो गया। लापता युवक का शव शनिवार देर रात घटनास्थल से लगभग छह किमी दूर बन्दीमाता घाट के पास उतराता मिला जिसके शरीर पर कुछ सीमित कपड़े मिले। शव मिलने के बाद परिजनों ने युवक की हत्या का सन्देह व्यक्त करते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। उधर चौथे दिन भी कार का पता नहीं चल सका है। कस्बा सफीपुर निवासी विजय कुमार गौड़ उर्फ पप्पू ने लिखाई रिपोर्ट में कहा कि उसका सम्पत्ति विवाद लखनऊ निवासी गुड्डू चौरसिया, अजय गुप्ता व विजय गुप्ता से चल रहा है। प्रार्थी का पुत्र तरुश सफीपुर में जूता चप्पल की दुकान चलाता था। लखनऊ में उसकी दुकान में एक युवक विजय राजपूत काम करता था वह सफीपुर आया और व्यवसाय के सिलसिले में तरुश को शिवराज पुर लेकर चला गया। तरुश के पिता पप्पू गौड़ ने आरोप लगाया कि रास्ते में गुड्डू चौरसिया अजय गुप्ता व विजय गुप्ता तथा एक महिला जान्हवी तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने तरुष का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद तरुष की हत्या करके उसको और कार को गंगा नदी में फेंक दिया। जिसका शव बन्दीमाता घाट के पास मिल गया लेकिन कार का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच कार्यवाही शुरू कर दी है

किसान यूनियन ने मजदूरों के मुद्दे उठाए

डीएम को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, 15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो किसान-मजदूर पंचायत की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सोमवार को किसानों और मजदूरों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मंडल मध्यांचल उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। यूनियन ने 15 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर किसान-मजदूर पंचायत की चेतावनी दी। ज्ञापन में जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र के छोटे और मध्यम कारखानों में श्रमिकों के कथित शोषण, श्रम कानूनों के उल्लंघन और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही का मुद्दा उठाया गया यूनियन के मुताबिक, औद्योगिक क्षेत्र के कई कारखानों में बिहार, झारखंड, बंगाल और स्थानीय इलाकों के हजारों मजदूर काम करते हैं। उनके पंजीकरण, पहचान पत्र, गेट पास, ईपीएफ और ईएसआई जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया। ज्ञापन में मजदूरी का नकद भुगतान, उपस्थिति और काम के घंटों का रिकॉर्ड नहीं रखने, बिचौलियों के जरिए काम कराने और अवैध कटौती की शिकायतें भी शामिल हैं।यूनियन ने श्रमिकों का पंजीकरण कराने, पात्र मजदूरों को ईपीएफ-ईएसआई का लाभ देने और बैंक खातों में समय पर मजदूरी जमा कराने की मांग की। अग्निशमन उपकरण और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई।औद्योगिक दुर्घटनाओं में पीड़ितों को इलाज और मुआवजा दिलाने, प्रबंधन की जवाबदेही तय करने और श्रम विभाग तथा जिला प्रशासन की संयुक्त टीम से कारखानों की जांच कराने की मांग की गई।वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा, श्रमजदूरों के पसीने से उद्योग चलते हैं, लेकिन उन्हीं के अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन 15 दिनों के भीतर जांच कर कार्रवाई करे, अन्यथा किसान और मजदूर सड़कों पर उतरेंगे। जिला मुख्यालय पर पंचायत होगी और आंदोलन की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शमीमा खान, प्रेम शंकर द्विवेदी, मंडल सचिव अवधेश मौर्य, गौरीगंज तहसील अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, आनंद यादव, रामजस, राम सुमेर, शिवनाथ और शैलेन्द्र सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पौराणिक राम लीला का किया गया शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।एक सप्ताह तक अनवरत चलने वाली अचलगंज नगर पंचायत की पौराणिक रामलीला का विधिवत शुभारंभ हो गया।कथा के द्वितीय दिवस निषाद राज का सुंदर अभिनय संपन्न हुआ। जिसमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की निषाद राज से मुलाकात होती है वह राम को गंगा पार कराने के लिए केवट के पास ले जाते है।निषाद राज का अभिनय नगर पंचायत चेयर मैंन के पति राजीव वर्मा द्वारा किया गया।जिसको लोगो ने खूब सराहा।राम का अभिनय आशीष पाण्डेय और लक्ष्मण का आदर्श के अलावा शिवा तिवारी ने सीता का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया।अभिनय के दौरान श्रोताओं के संबोधन में कहा कि राम की लीला हमारी संस्कृति से जुड़ी है इसमें सहभागिता करना गर्व की बात है। इस मौके पर नितिन गुप्ता,जेपी द्विवेदी,गणेश,रमन बाजपेई,नीतू आदि मौजूद रहे।

परवानी में 38 भैंसों के साथ चार गिरफ्तार, 20 हजार का इनामी तमंचे के साथ पकड़ा गया

मोतीपुर पुलिस की कार्रवाई से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। मोतीपुर पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 38 भैंसों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, गोवध अधिनियम के मामले में वांछित 20 हजार रुपये के इनामी आरोपी को तमंचा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, एक नवंबर की रात परवानी गौढ़ी तिराहे पर पुलिस टीम ने एक पिकअप के साथ 38 भैंसें बरामद कीं। मौके से शाहिद और कामिल निवासी नानपारा तथा कल्लू और जाबिर खां उर्फ बरसाती निवासी बुद्धूपुरवा कुड़वा, थाना मोतीपुर को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। वहीं, 31 अक्टूबर को ग्राम गोपिया बैराज के पास पुलिस ने गोवध अधिनियम के मुकदमे में वांछित 20 हजार रुपये के इनामी उजहुल (45) निवासी शाहपुर कला, थाना मोतीपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। दोनों कार्रवाइयां प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गोंड के नेतृत्व में मोतीपुर पुलिस टीम ने कीं।

फॉरच्यूनर, यूपीडा के पेट्रोलिंग वाहन से टकराई

पूर्व सांसद के बेटे समेत तीन घायल; बिरसिंहपुर के पास सुबह 8 बजे हादसा

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर,पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह बिरसिंहपुर गांव के पास फॉरच्यूनर कार यूपीडा के पेट्रोलिंग वाहन से टकरा गई। हादसे में अयोध्या के पूर्व भाजपा सांसद लल्लू सिंह के बेटे विकास सिंह (42) समेत तीन लोग घायल हुए। यूपीडा कर्मियों ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी दोस्तपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों दूसरी गाड़ी से पटना के लिए रवाना हो गए। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए।जानकारी के मुताबिक, अयोध्या जिले के कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज निवासी विकास सिंह अपने साथी वैभव सिंह (22) के साथ पटना जा रहे थे। वैभव सिंह सिविल लाइन के निवासी हैं। कार अमरजीत यादव (26) चला रहे थे। सोमवार सुबह करीब 8 बजे बिरसिंहपुर गांव के पास यूपीडा का पेट्रोलिंग वाहन अचानक दाहिनी ओर मुड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रही फॉरच्यूनर उससे टकरा गई।हादसे में कार चालक अमरजीत यादव, विकास सिंह और वैभव सिंह को हल्की चोटें आईं। सीएचसी दोस्तपुर में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों दूसरी गाड़ी से रवाना हुए।हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर यातायात पर असर पड़ा। यूपीडा कर्मियों ने क्रेन से पेट्रोलिंग वाहन और फॉरच्यूनर को सड़क से हटाकर सेमरी टोल प्लाजा पहुंचाया। इसके बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य हो गया।

सऊदी अरब भेजने के नाम पर 1.10 लाख रुपए ठगे

प्रतापगढ़ में पैसे मांगने पर धमकी देने का आरोप, दो के खिलाफ केस

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में सऊदी अरब भेजने और वहां नौकरी दिलाने का भरोसा देकर 1 लाख 10 हजार रुपये लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। नौरंगाचाद गांव की सकीना बानो पत्नी जमशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कंधई थाना क्षेत्र के गोगलापुर निवासी मोहम्मद कलीम और आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद निवासी असलम ने उनके पति को सऊदी अरब भेजने और वहां नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। आरोपियों ने इसके लिए 1 लाख 10 हजार रुपये मांगे। सकीना बानो के मुताबिक, उन्होंने अलग-अलग तारीखों में ऑनलाइन माध्यम से आरोपियों को 1 लाख 10 हजार रुपये दिए। रकम लेने के बाद आरोपियों ने उनके पति को न सऊदी अरब भेजा और न ही नौकरी दिलाई। शिकायत के अनुसार, रुपये वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे। 20 सितंबर 2026 को सकीना बानो दादूपुर पंडान स्थित आरोपी के घर रुपये मांगने पहुंचीं। आरोप है कि वहां उन्हें गाली दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई।

अनुदानित कॉलेजों के शिक्षकों ने प्रदर्शन किया

11 मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, स्ववित्तपोषित शिक्षकों के स्थायीकरण की मांग

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़,सोमवार को अनुदानित महाविद्यालयों के आज सोमावर को दोपहर दो बजे करीब शिक्षकों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। फुपुक्टा के आह्वान पर शिक्षकों ने बांहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमडीपीजी कॉलेज), प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीबीपीजी कॉलेज) प्रतापगढ़ सिटी और अन्य महाविद्यालयों में प्रदर्शन हुआ। विरोध के दौरान शिक्षकों ने शांतिपूर्ण ढंग से पढ़ाना जारी रखा। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और यूजीसी के नियमों के मुताबिक सेवानिवृत्ति की उम्र 62 से बढ़ाकर 65 साल करने की मांग की। उन्होंने अनुदानित महाविद्यालयों में काम कर रहे स्ववित्तपोषित शिक्षकों को स्थायी करने और पीएचडी इन्क्रिमेंट का लाभ देने की मांग भी उठाई। अन्य मांगों में राजकीय कर्मचारियों की तरह मेडिकल छुट्टी, तबादले के लिए एनओसी की बाध्यता खत्म करना और एनईपी-2020 के तहत सालाना परीक्षाएं कराना शामिल है। शिक्षकों ने फीडर कैडर का लाभ फिर से देने, आमेलित शिक्षकों को देय तिथि से पदोन्नति देने और अर्हता की तिथि से प्रोफेसर पदनाम देने की मांग की शिक्षकों ने 62 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग भी की। एमडीपीजी कॉलेज में प्रदर्शन के दौरान फुपुक्टा के महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह, इकाई अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार तिवारी और महामंत्री प्रो. पीयूषकांत शर्मा मौजूद रहे। इनके अलावा प्रो. संतोष कुमार पाण्डेय, प्रो. ऊषा तिवारी, प्रो. राजवंत सिंह, डॉ. सिंह, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. रेखा मिश्रा, डॉ. मुक्ता वर्मा, डॉ. सीमा करुणेश त्रिपाठी, डॉ. डीके पाण्डेय, डॉ. स्वामीनाथ तिवारी और डॉ. अनीश द्विवेदी समेत शिक्षक मौजूद रहे।

संक्षेप

दुष्कर्म और बाइक चोरी के 4 आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली में तीन थानों की कार्रवाई; चोरी का सामान और बाइक मिली

रायबरेली,पुलिस ने देर शाम अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर चोरी, दुष्कर्म और बाइक चोरी के मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोतवाली नगर पुलिस ने कंपोजिट विद्यालय से खाद्य सामग्री और बर्तन चोरी करने के आरोपी को पकड़ा। डीह पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि लालगंज पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में दो युवकों को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।स्कूल से चावल और बर्तन चोरी करने वाला गिरफ्तारकोतवाली नगर पुलिस ने कंपोजिट विद्यालय से खाद्य सामग्री और बर्तन चोरी के मामले में वांछित अनुज अवस्थी पुत्र स्वर्गीय शिवमोहन निवासी कुरचन्दामऊ, थाना भदोखर को गिरफ्तार किया। घटना 27 अक्टूबर की रात की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे बांदा रोड स्थित एमएस इंटरप्राइजेज के पास से पकड़ा।पुलिस के मुताबिक, आरोपी के पास से छह बोरी चावल, तीन प्लास्टिक कुर्सियां, स्टील के बर्तन, जग, हॉटकेस, तवा, गिलास, कटोरी, प्लेट और भगौना बरामद हुए। वारदात में इस्तेमाल ऑटो रिक्शा भी मिला है। आरोपी पर पहले से चोरी और एनडीपीएस के चार मुकदमे दर्ज हैं।दुष्कर्म के मामले में महिला आरोपी गिरफ्तारडीह पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित सावित्री पत्नी देशराज गुप्ता निवासी नारायणपुर को गिरफ्तार किया। शिकायत के मुताबिक, 30 अक्टूबर को देशराज गुप्ता ने पीड़िता को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था। आरोप है कि इस दौरान सावित्री ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया था। पुलिस ने सावित्री को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। मुख्य आरोपी देशराज अभी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया

कालपी बार अध्यक्ष की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

देवरिया ,सदर तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार दोपहर 1 बजे तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश अजय भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई।अधिवक्ताओं ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनिमेष वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि 27 अक्टूबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति अजय भनोट की अदालत में एक महिला एसपी को बैठाने के तरीके पर अधिवक्ता बीपी श्रीवास्तव ने आपत्ति जताई थी।ज्ञापन के मुताबिक, इस पर न्यायाधीश ने अधिवक्ता के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया और उनसे महिला एसपी से माफी मांगने को कहा। अधिवक्ताओं का आरोप है कि न्यायाधीश ने उन्हें जेल भेजने की धमकी भी दी।

पोस्टर व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के जरिए डायरिया के प्रति किया जागरूक

पीएम श्री श्रद्धानंद प्राथमिक विद्यालय झींगुरपुरा में प्रतियोगिता का आयोजन

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रुखसाना, गौतम, उज्मा, दीपक व हर्ष रहे अव्वल

पोस्टर प्रतियोगिता में आकांक्षा पहले, तुलसी दूसरे व राधिका तीसरे स्थान पर रहीं

अमन लेखनी समाचार

मथुरा, 03 नवम्बर। पीएम श्री श्रद्धानंद प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र झींगुरपुरा में सोमवार को पोस्टर व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को डायरिया की शीघ्र पहचान, बचाव, उपचार और ओआरएस व जिंक की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतियोगिता का आयोजन ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम के तहत पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डायरिया से जुड़े सवालों का जवाब उत्साह पूर्वक देने में रुखसाना, गौतम, उज्मा, दीपक और हर्ष अव्वल रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से डायरिया रोकथाम, बचाव, साफ सफाई एवं स्वच्छ व पौष्टिक खानपान का चित्रण किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पहले स्थान पर कक्षा-तीन की आकांक्षा, दूसरे स्थान पर कक्षा-चार की तुलसी और तीसरे स्थान पर कक्षा-पांच की राधिका रहीं, सांत्वना पुरस्कार कक्षा-पांच की काव्या को प्रदान किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में 37 बच्चों ने भाग लिया। अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका



सुनीता चंदेल और पीएसआई इंडिया के चोब सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर पीएसआई इंडिया के अजय कुमार ने बच्चों को सही तरीके से हाथ धोने के फायदों, साफ-सफाई के महत्व, जिंक की खुराक, ओआरएस के उपयोग और टीकाकरण आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि शौच के बाद, भोजन से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। डायरिया के दौरान ओआरएस से शरीर में पानी की कमी को रोकें। स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) की टीम से अनुभा मिश्रा, स्टॉफ नर्स अमित कुमार ने बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। आशा कार्यकर्ता वीना शर्मा, माला देवी, जेएसआई की ब्लॉक कोआर्डिनेटर स्वीटी शुक्ला और शिक्षिका भुवनेस्वरी का कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग रहा। टीकाकरण सारणी के अनुसार सारे टीके लगवाएं और रोटावायरस, विटामिन ए को लेना न भूलें। भोजन को ढककर रखें ताकि मक्खियाँ उस पर न बैठें। जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक जारी रखें। पीने के पानी को साफ रखें।

अपराध नियंत्रण पर प्रशासन नाकाम फिर अज्ञात चोर ने उड़ाए 280000 रुपए

व्यापारी की स्कूटी से थैला लेकर अज्ञात चोर हुआ रफूचक्कर

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कड़े दिशा निदेर्शों के बाद भी अपराध पर नियंत्रण करना अनेक स्थानों में प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बन गया है ताजा मामला जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के लालूगंज बाजार का सामने आया जहां एक व्यापारी की स्कूटी से अज्ञात चोर 280000 रुपए भरा थैला लेकर रफू चक्कर हो गया मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के बस स्टैंड के पास एक परचून की दुकान के संचालक कारोबारी व्यापारी अनिल गुप्ता दुकान से पैसे लेकर भारतीय स्टेट बैंक में जमा करने के लिए गए थैले में दो लाख 80 हजार रुपए लेकर व्यापारी ने अपने स्कूटी में रखा और बैंक की तरफ चले जैसे ही लालूगंज बाजार के समीप पहुंचे वही एक व्यापारी से बातचीत करने लगे अच्छा समय पाकर अज्ञात चोर ने स्कूटी में रखा पैसा भरा थैला लेकर रफू चक्कर हो गया वही जानकारी मिलते ही व्यापारी ने शोर मचाया और अन्य व्यापारी इकट्ठा हो गए सभी व्यापारियों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहानाबाद प्रशासन की पिकेट अधिकतर गायब रहती है इसी लापरवाही के नतीजे सामने आते हैं कि अधिकतर ऐसी घटनाएं हो जाती हैं हाल ही में विगत 23 अक्टूबर को नजदीकी थाना बकेवर क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव की डेयरी संचालक रामचंद्र के साथ भी ऐसा हादसा हुआ था जहां भारतीय स्टेट बैंक जहानाबाद से निकलने के बाद बीच रास्ते में अज्ञात चोरों ने रुपए पार कर दिए थे व्यापारियों ने कहा अभी उस घटना का खुलासा नहीं हो पाया तथा चोरों ने एक नया घाव दे दिया क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी छिनैती तथा डकैती की घटनाओं से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है वहीं पुलिस प्रशासन को एक ताक में रखकर निर्भीक होकर बदमाश चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं पीड़ित ने नजदीकी थाने में लिखित तहरीर दी वहीं सभी व्यापारियों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से पुलिस गस्त बढ़ाने तथा लापरवाही को सुधारने के लिए अपील की

अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी भीषण टक्कर हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग में एक चार पहिया वाहन कार तथा मोटरसाइकिल में भीषण भिड़ंत हो गई जहां बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के मलिकपुर मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय नागरिक कलीम अंसारी कल सोमवार दोपहर समय अपनी मोटरसाइकिल से लालूगंज बाजार की तरफ जा रहे थे ठीक उसी समय मुख्य मार्ग में एक चार पहिया कार ने बाइक में भीषण टक्कर मार दी टक्कर लगते ही बाइक चालक दूर जा गिरा तथा गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के पश्चात कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया

ग्राम प्रधान की अगुवाई में आयोजित हुआ एकदिवसीय पशु आरोग्य शिविर एवं मेला

चिकित्साधिकारियों ने 476 पशुओं का किया निशुल्क उपचार



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के देवमई विकासखंड अंतर्गत गांव मिजापुर में एक दिवसीय पशु आरोग्य शिविर एवं मेले का विशाल आयोजन किया गया आयोजित महाशिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान उमाकांत कुशवाहा एवं जहानाबाद पशु चिकित्सालय की पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हिना कौशर ने फीता काटकर धूमधाम से किया शिविर अंतर्गत पहुंचे पशुओं का निशुल्क उपचार करते हुए चिकित्सकों ने सभी किसान पशुपालकों को निशुल्क दवाएं प्रदान की वही कार्यक्रम के चलते पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालन विभाग की अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए क्षेत्रीय किसानों एवं पशुपालन करने वालों को प्रेरणा दी आयोजित शिविर अंतर्गत लगभग 476 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क उपचार संपन्न हुआ इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हिना कौशर के साथ डॉक्टर आलोक वर्मा पैरावेट अरबाज खान नीरज कुमार सौरभ उत्तम परशुराम लाला पाल वेटनरी यूनिट कर्मचारी अंशुल यादव अभिषेक गुप्ता समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान पशुपालक मौजूद रहे

डूबे युवक का शव तीन दिन बाद मिला



एसडीआरएफ ने निकाला, बसपा प्रत्याशी ने परिवार को 50 हजार रुपए दिए

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली ,गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पूरे कोइली मजरे कोरिहर गांव के रहने वाले अंकुल (पुत्र संतराम) का शव घटना के तीसरे दिन सिरसा घाट स्थित सई नदी से बरामद कर लिया गया। मृतक युवक दो दिन पूर्व कलश यात्रा के दौरान नदी में डूब गया था। घटना के बाद से ही लगातार तलाश जारी थी, और आखिरकार एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना की सूचना पाकर हरचंदपुर से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी शिवेंद्र शुक्ला मौके पर पहुंचे।

स्थानीय लोग और प्रशासन के लोग भी मौजूद

उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाते हुए 50,000 रुपये की आर्थिक मदद दी। इस दौरान स्थानीय लोग और प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे।

4 दिन के बच्चे की मौत, डॉक्टर-मैनेजर पर एफआईआर

प्रयागराज में मेडिकल बोर्ड ने माना- जन्म के बाद बाल रोग विशेषज्ञ ने देखभाल नहीं की

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , चार दिन की नवजात बच्ची की मौत के मामले में डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है। बच्ची की मौत नवंबर 2025 में दरभंगा कॉलोनी स्थित जनहित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में हुई थी। बच्ची के पिता अनुराग शुक्ला, हाईकोर्ट के अधिवक्ता हैं। उन्होंने डॉक्टरों पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। मामले की जांच के लिए गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में भी बच्ची को बाल रोग विशेषज्ञ की ओर से उचित देखभाल नहीं मिलने और नाभिनाल में संक्रमण की पुष्टि की गई थी। ऑपरेशन से हुआ था जन्म पिता की तहरीर के मुताबिक, उन्होंने 16 नवंबर 2025 को अपनी पत्नी शोभा को डिलीवरी के लिए जनहित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। यह अस्पताल दरभंगा कॉलोनी में डॉ. व्यंजना पांडेय के आवास के ग्राउंड फ्लोर पर संचालित हो रहा था। अस्पताल में मानक के अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं नहीं थीं। बाल रोग विशेषज्ञ और एनआईसीयू की व्यवस्था भी नहीं थी। इसके बावजूद अस्पताल का संचालन किया जा रहा था।17 नवंबर 2025 को दोपहर 1:55 बजे डॉक्टर आयुषी पांडेय ने अपनी सास डॉक्टर व्यंजना पांडेय के सहयोग से ऑपरेशन के ात की न तो बेहतर जांच की गई और न ही किसी प्रकार का टीकाकरण कराया गया। बच्ची की नाभिनाल में संक्रमण होने के बावजूद डॉक्टरों ने उसकी जांच और इलाज नहीं किया।18 नवंबर की शाम से बच्ची ने दूध पीना छोड़ दिया था। उन्होंने कई बार डॉक्टरों से बच्ची की हालत के बारे में बताया और इलाज कराने का अनुरोध किया, लेकिन न तो किसी बाल रोग विशेषज्ञ को बुलाया गया और न ही बच्ची का समुचित उपचार किया गया।आरोप है कि 19 नवंबर तक इलाज में लापरवाही जारी रही।इसी दौरान बच्ची की हालत गंभीर हो गई। नाभिनाल में संक्रमण के कारण सेप्टिसीमिया होने से 19 नवंबर 2025 को बच्ची की मौत हो गई।मेडिकल बोर्ड की जांच में क्या आया बच्ची की मौत के बाद पिता ने जार्जटाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद मामले को लेकर जिलाधिकारी, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, मुख्य चिकित्साधिकारी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग समेत विभिन्न मंचों पर शिकायत की गई। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी प्रयागराज को जांच कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया था।

इसके बाद मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड में डॉ. आरसी पांडेय, डॉ. प्रमोद कुमार और डॉ. ऋचा पांडेय शामिल थे।

ब्राह्मण सम्मेलन में हंगामा, डिप्टी सीएम केशव मौर्य को बोलने से टोका

कहा- यूजीसी पर बोलिए, डिप्टी सीएम का जवाब- चुप रहो; पार्षद ने युवक को थप्पड़ मारा

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , प्रबुद्ध ब्राह्मण सम्मेलन में डिप्टी सीएम केशव मौर्य के भाषण के दौरान हंगामा हो गया। केशव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, तभी दो युवकों ने हाथ उठाकर कहा- केशवजी, यूजीसी पर भी कुछ कहिए। इस पर डिप्टी सीएम नाराज हो गए। उन्होंने कहा- चुप रहो, चलो। मैं सब कुछ बोलूंगा। मैं कोई चीज बोलने से कभी नहीं रुकता हूं। पुलिस ने इसके बाद दोनों युवकों को पकड़ लिया। भाजपा पार्षद विनय मिश्रा ने एक युवक को थप्पड़ मार दिया। विवाद बढ़ता देख पुलिस दोनों युवकों को सभास्थल से बाहर ले गई। घटना रविवार को परेड ग्राउंड में हुई। सोमवार को इसका वीडियो सामने आया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्म वाहिनी) ने किया था। युवकों की पहचान रोहित तिवारी और अंकित पांडे के रूप में हुई है। दोनों प्रयागराज में कोरांव के रहने वाले हैं।

युवक बोला- भाजपा में हूं, अभी सवाल नहीं करूंगा तो कब करूंगा

वीडियो में दिख रहा है कि केशव मौर्य भाषण में संगम पर होने वाले माघ मेले की तैयारियों को लेकर सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। इसी दौरान मंच के करीब 2 युवकों ने हाथ उठाया। उन्होंने कहा- केशव जी, यूजीसी के बारे में भी कुछ बोलेंगे? पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों को बोलने से रोका, लेकिन वो नहीं माने। जोर-जोर से यूजीसी के मुद्दे पर बोलने की मांग करने लगे। इस दौरान अल्लापुर के पार्षद विनय मिश्रा ने दोनों युवकों से पूछा कि सवाल क्यों कर रहे हो? एक युवक ने जवाब दिया- मैं भाजपा में हूं। मैं उनसे अभी सवाल नहीं करूंगा, तो कब करूंगा? इसी बीच पार्षद विनय मिश्रा ने एक युवक को थप्पड़ जड़ दिया।

युवक बोला- सवाल करना गलत नहीं

डिप्टी सीएम से सवाल करने वाले रोहित तिवारी ने वीडियो जारी कर कहा- प्रयागराज में प्रबुद्ध महाकुंभ का आयोजन हुआ था। बड़े भैया विमल तिवारी ने यह कार्यक्रम कराया था। केशव प्रसाद मौर्य भाषण में भाजपा, सपा और कांग्रेस की बातें कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि केशवजी, यह समाज, मंच और आयोजन हमारा है। इसलिए आप हमारे समाज के बारे में बोलिए।

हम यहां भाजपा, सपा और कांग्रेस की बातें सुनने नहीं आए हैं। हम यह जानने आए हैं कि हमारे लिए आपका क्या विजन है?

बैठक से गायब अभियंताओं का एक दिन का वेतन कटेगा

डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण, सड़कों के काम पूरा कराने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर में नगर निगम के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। बैठक सोमवार शाम पांच बजे कैंप कार्यालय में हुई। वार्डवार सड़कों की प्रगति देखी बैठक में राज्य सेक्टर योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने वार्डवार सीसी रोड और हॉटमिक्स रोड निर्माण की प्रगति देखी और काम पूरा करने की तारीखें तय कीं। उन्होंने अधिशासी अभियंताओं को सभी निर्माण कार्य तय समय में और गुणवत्ता के साथ पूरे कराने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन कार्यों का नियमित रूप से थर्ड पार्टी सत्यापन होने के बाद ही संबंधित सड़कों का निर्माण कराया जाए, ताकि बार-बार सड़कें न खोदनी पड़ें। उन्होंने हॉटमिक्स सड़कों का काम भी निर्धारित समयसीमा में पूरा कराने को कहानक्षत्रशाला और कार पार्किंग के काम में तेजी लाने के निर्देशडीएम ने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के नक्षत्रशाला, मल्टीलेवल कार पार्किंग और कन्वेंशन सेंटर के निर्माण कार्यों की जानकारी ली।

कार हुई बेकाबू, खोखे में घुसी

3 बाइक और 1 स्कूटी क्षतिग्रस्त, अस्पताल के गेट से टकराई

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , पुवायां में मोहम्मदी रोड पर रविवार रात तेज रफ्तार कार शीतल अस्पताल के गेट से टकराने के बाद खोखे में जा घुसी। हादसे में एक कार, तीन बाइक और एक स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर से खोखे में रखा सामान भी खराब हो गया। सोमवार दोपहर करीब दो बजे घटना का फुटेज सामने आया। अस्पताल स्टाफ ने कार चालक को रोककर पुलिस के हवाले कर दिया था। घटना रविवार रात करीब 11 बजे की बताई गई है। रात होने के कारण अस्पताल के बाहर और सड़क पर ज्यादा भीड़ नहीं थी। प्रत्यक्ष जानकारी के मुताबिक, कार पहले अस्पताल के गेट और एक बाइक से टकराई, फिर खोखे में जा घुसी। टक्कर के बाद कार का टायर भी फट गया।चालक पर नशे में होने का आरोपअस्पताल मालिक विजय मिश्रा ने आरोप लगाया कि कार चालक शराब के नशे में था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। उन्होंने कहा कि अस्पताल स्टाफ के मौके पर पहुंचने पर चालक ने गाली-गलौज की और उन पर कार चढ़ाने की कोशिश की। विजय मिश्रा के मुताबिक, कार में चालक के अलावा एक व्यक्ति और एक लड़की भी सवार थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कार में मौजूद सभी लोग शराब के नशे में थे।

मंत्री से बोलीं महिला सफाईकर्मी- पार्षद गाली देते हैं :हम लोगों को नीच कहते हैं

शाहजहांपुर में सुरेश खन्ना ने कहा- सम्मान दोगे, तभी सम्मान मिलेगा

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , सफाईकर्मियों ने वित्तमंत्री सुरेश खन्ना से नगर निगम के पार्षद की जमकर शिकायत की। कहा- पार्षद हमसे गाली-गलौज करते हैं। हम लोगों को नीच कहते हैं। विरोध करने पर तमाचा मारने की धमकी देते हैं। पार्षद उस समय मंत्री के साथ ही मौजूद थे। मंत्री ने उनसे पूछा कि क्यों कहते हो? इस पर पार्षद ने सफाई दी- ये लोग मेरा घर छोड़कर बाकी जगहों पर सफाई करते हैं। इस पर मंत्री ने पार्षद को समझाते हुए कहा- सम्मान दोगे, तभी सम्मान मिलेगा। फिर सफाईकर्मी से कहा- हमारे प्रधानमंत्री ने सफाईकर्मियों के पांव धोकर सम्मान किया था।आप लोग इनकी बातों को माइंड मत करना। मैं तुम्हारा सम्मान करवाऊंगा। मामला रविवार सुबह करीब 11:30 बजे का है, लेकिन वीडियो आज सुबह 11 बजे सामने आया रविवार सुबह रोजा क्षेत्र की चर्च कॉलोनी में 4.5 करोड़ से बनी 4 सड़कों को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना शिलान्यास करने पहुंचे। इसके बाद मंत्री पदाधिकारियों के साथ लौट रहे थे। उनके साथ नामित पार्षद रामनिवास वाल्मीकि भी मौजूद थे। रामनिवास वाल्मीकि वार्ड नंबर-1 में रहते हैं। सफाईकर्मी बोले- हमसे कहा थप्पड़ मारेंगे, तो घूम जाओगे इसी दौरान सफाई नायक निहाल वाल्मीकि और महिला सफाईकर्मियों ने वित्तमंत्री को रोककर लिया। कहने लगे- हम मेहनत से काम करते हैं।

रामपुरा में जुआ खेलते तीन गिरफ्तार, 42,720 रुपये नकद बरामद

जुआ फड़ से 38,500 रुपये और तलाशी में मिले 4,220 रुपये, दो आरोपी मौके से फरार

अमन लेखनी समाचार



रामपुरा, जालौन। रामपुरा थाना पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से जुआ फड़ की नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की तलाशी में भी नकदी मिली। पुलिस ने कुल 42,720 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, शनिवार 31 अक्टूबर को संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बे के मोहल्ला सुभाष नगर में फूल सिंह कुशवाहा के मकान के पीछे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्णपाल सरोज के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामलला यादव निवासी गांधी नगर रामपुरा, मुकेश निवासी सुभाष नगर रामपुरा और पविनय प्रताप सिंह उर्फ अनिल निवासी निनावली जागीर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से जुआ फड़ की 38,500 रुपये की नकदी और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। वहीं आरोपियों की तलाशी में 4,220 रुपये अतिरिक्त मिले। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा संख्या 104/2026 के तहत जुआ अधिनियम की धारा 13 में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी के दौरान राहुल निवासी सुभाष नगर और महेश कुमार उर्फ गोल्डी निवासी सुभाष नगर मौके से फरार हो गए। उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी पविनय प्रताप सिंह के खिलाफ रामपुरा थाने में आयुध अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज है। वहीं फरार आरोपी महेश कुमार उर्फ गोल्डी का नाम भी पूर्व में कई आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल आकाश जैन, विकास यादव, संतोष कुमार, अवधेश कुमार और पंकज कुमार शामिल रहे।

सरकारी धन को जिम्मेदार अफसरों ने उड़ाया, दीमकों ने चाटे दरवाजे और खिड़किया

पीएचसी को निगल रहीं झाड़ियां

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद-(हरदोई)। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई दलेलनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। शाहाबाद ब्लाक के अंतर्गत संचालित इस पीएचसी दलेल नगर की इमारत पर झाड़ियों का कब्जा है। यहीं दरवाजों को दीमक चाट चुकी है। अस्पताल परिसर से लेकर आवासीय भवन में लगा करोड़ों रुपया जिम्मेदारों ने मिट्टी में मिला दिया जिसकी गूंज आम जनमानस तक पहुंच रही है, लेकिन जिम्मेदार स्वास्थ्य सेवाओं के साथ साथ विभागीय निदेर्शों की उपेक्षा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब विडंबना देखिए कि जिस पीएयसी का निर्माण ग्रामीणों को उनके गांव के पास ही अच्छा इलाज उपलब्ध कराने के लिए किया गया था, वहां स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति अस्पताल परिसर को हालत देखकर समझा जा सकता है। महज 5 वर्ष पूर्व यह अस्पताल स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द किया गया था, जो आज जर्जर होता जा रहा है, दरवाजे दीमक की भेंट चढ़ रहे हैं और परिसर में उगी इबड़ी झंड़ सरकारी व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े कर रही हैं। सवाल यह है कि जनता को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए पीएचसी पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए तो उसका लाभ भी ग्रामीणों को मिलना चाहिए। जबकि सारा लाभ सरकारी मुलाजिम गटक जाते हैं। मुख्यालय से सुदूर क्षेत्र में बने इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के इर्द गिर्द करीब 60 गांवों के लोगों का निवास है, जिन्हें इमरजेंसी में जिला या ब्लाक मुख्यालय आना पड़ता है। जबतक मरीज के प्राण पखेरू हो जाते हैं, और गरीवजन को मिले। सरकारी सिस्टम को कोसते हुए अपना पेट दवाकर बैठ जाते हैं। यहीं अभिलेखों में सब कुछ दुरुस्त दिखाकर जिम्मेदार अपनी जवाबदेही से बच निकलते हैं। ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य केंद्र केवल एक सरकारी इमारत नहीं, बल्कि बीमारी और आपात स्थिति में उम्मीद का सहारा होता है। लेकिन दलेलनगर पीएचसी की मौजूदा तस्वीर इस उम्मीद पर सवालिया निशान लगा रही है। वहीं सरकारी दावे हैं कि स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बहुत अच्छी है, लेकिन पीएचसी दलेल नगर उन सभी व्यवस्थाओं की पोल खोलने के लिए ही डा काफी है। यहां की साफ सफाई देखकर ही सच्चाई पता चल जाएगी कि अस्पताल खुलता भी है या नहीं। बुद्धिजीवियों का कहना है कि सरकारी धन से अस्पताल बन जाना ही स्वास्थ्य व्यवस्था को नि सफलता नहीं है, बल्कि वहां पर नियमित प्र डॉक्टर, दवाएं और उपचार की सुविधा सम आम आदमी

त्योहारों को लेकर एसपी ने जालौन नगर में किया पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जालौन। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने कोतवाली जालौन पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों, सराफा बाजार सहित सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल गश्त के दौरान एसपी ने संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों में सुरक्षा प्रबंधों की स्थिति भी देखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आमजन, व्यापारियों और दुकानदारों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

पुलिस की दबिश में फरार हुआ 'काली सरकार'

जमानतदार चलती गाड़ी से कूदा, 33 साल पुराने लूटकांड में जारी ठइह की तामीली कराने पहुंची थी हरदोई पुलिस...

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के चर्चित हिस्ट्रीशीटर प्रदीप शुक्ला उर्फ नटरोज उर्फ 'काली सरकार' की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। वर्ष 1993 के पुराने लूटकांड में गैर जमानती वारंट (ठइह) जारी होने के बाद हरदोई पुलिस शनिवार रात झांसी के मऊरानीपुर स्थित कुरैंचा गांव पहुंची। स्थानीय पुलिस के सहयोग से काली सरकार के आश्रम और मंदिर परिसर में दबिश दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह फरार हो गया। पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर भी तलाश की, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा। हरदोई पुलिस की कार्रवाई के बाद कुरैंचा निवासी शिवेंद्र ने उसे जमानत दिलाने में भूमिका निभाई थी। इसी आधार पर पुलिस शिवेंद्र की तलाश करते हुए उसके ढाबे पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के लिए हरदोई पुलिस उसे अपनी निजी गाड़ी से ले जा रही थी, तभी शिवेंद्र चलती गाड़ी से कूद गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है।हालांकि, घायल शिवेंद्र ने पुलिस पर जानबूझकर चोट पहुंचाने का आरोप भी लगाया है।पुलिस का कहना है कि वह चलती गाड़ी से कूदकर भागने की कोशिश में घायल हुआ। मामले में उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि प्रदीप शुक्ला मूल रूप से हरदोई के चौहान थोक का निवासी है और पुलिस रिकॉर्ड में नटरोज नाम से हिस्ट्रीशीटर बताया गया है।आरोप है कि वह लंबे समय से पुलिस और कानून की कार्रवाई से बचने के लिए झांसी के कुरैंचा में सत्यानंद शुक्ला उर्फ काली सरकार के नाम से रह रहा था। वहां मंदिर परिसर में दरबार लगाता था और बड़ी संख्या में लोग उसके पास पहुंचते थे।इसके अलावा थाना मऊरानीपुर में उसके खिलाफ बीते 29 अक्टूबर को एक किशोर के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज होने की बात भी सामने आई है।अब पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए तलाश में जुटी है।

जालौन में यातायात माह का भव्य शुभारंभ, सड़क सुरक्षा के लिए चलेगा एक माह का विशेष जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात माह नवंबर 2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। एक माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत जिलेभर में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान मुख्य रूप से 4-ए के सिद्धांतों इंजीनियरिंग, इंफोर्समेंट, एजुकेशन और इमरजेंसी केयर पर आधारित होगा। इसके अंतर्गत सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने, लोगों को जागरूक करने और दुर्घटना के बाद घायलों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट और निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वालों पर ब्रेथ एनालाइजर एवं इंटरसेप्टर वाहनों के माध्यम से निगरानी रखकर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जनजागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को पैम्फलेट वितरित किए जाएंगे। स्कूलों, शिक्षण संस्थानों और सड़क किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटना होने पर गोल्डन ऑवर के दौरान घायलों को तत्काल मदद मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके। प्रशासन का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति लोगों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करना है। अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

छत्रसाल ग्राउंड में आतिशबाजी की करीब 20 दुकानें, सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल

जालौन। दीपावली के अवसर पर नगर के छत्रसाल ग्राउंड में आतिशबाजी और पटाखों की करीब 20 दुकानें लगाई गई हैं। बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री की बिक्री के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि इतनी संख्या में पटाखों की दुकानें संचालित होने के बावजूद मौके पर फायर ब्रिगेड की तैनाती क्यों नजर नहीं आ रही है? पटाखों और आतिशबाजी की दुकानों पर आग लगने की स्थिति में चंद मिनटों की देरी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। ऐसे में यहां पर्याप्त अग्निशमन उपकरण, पानी तथा आपातकालीन बचाव व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दुकानदार आग लगने की स्थिति में अग्निशमन उपकरणों का सही तरीके से इस्तेमाल करना जानते हों। छत्रसाल ग्राउंड में करीब 20 दुकानें एक ही स्थान पर होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि किसी एक दुकान में आग लगती है या आतिशबाजी में विस्फोट जैसी स्थिति उत्पन्न होती है तो आसपास की दुकानों तक आग फैलने का खतरा हो सकता है। ऐसे में प्रशासन और अग्निशमन विभाग की तैयारियों को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

प्रशासन से पांच बड़े सवाल

आतिशबाजी की दुकानों के बीच फायर ब्रिगेड की तैनाती क्यों नजर नहीं आ रही है?

क्या सभी दुकानदारों को आग बुझाने और आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया है?

क्या प्रत्येक दुकान पर पर्याप्त और चालू हालत में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध हैं?

क्या अग्निशमन विभाग ने दुकानों और पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया है?

यदि कोई बड़ा हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी तय होगी?

लोगों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन और अग्निशमन विभाग से अपेक्षा है कि छत्रसाल ग्राउंड की सुरक्षा व्यवस्था का तत्काल निरीक्षण कर सभी आवश्यक अग्निशमन और आपातकालीन इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

अब बड़ा सवाल यही है—क्या किसी अनहोनी से पहले सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त होगी, या जिम्मेदार विभाग हादसे के बाद ही जागेंगे?

खास समाचार

भगवान श्रीकृष्ण पर की गई टिप्पणी निंदनीय : प्रदीप यादव टांडा

यदुवंशी महासभा की बैठक में जताया आक्रोश, कहा- भगवान श्रीकृष्ण का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं

अमन लेखनी समाचार

झांसी। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा की एक बैठक मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में धीरेंद्र शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण पर की गई टिप्पणी की घोर निंदा करते हुए आक्रोश व्यक्त किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा ने कहा कि जिस व्यक्ति को व्यास पीठ से श्रीमद्भागवत कथा सुनाने का सौभाग्य प्राप्त है, ऐसे भागवत आचार्य को इस प्रकार की टिप्पणी करना शोभा नहीं देता। भगवान श्रीकृष्ण यदुवंशियों के आराध्य हैं। उनके प्रति अपमानजनक टिप्पणी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मंडल प्रभारी प्रवेश यादव लहार, जिला अध्यक्ष भवानी सिंह यादव मिनी, मंडल महासचिव कुंज बिहारी यादव, मंडल उपाध्यक्ष श्याम जी यादव, मंडल कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, मंडल सचिव राममिलन यादव, तहसील अध्यक्ष गरौठा हेमंत यादव, तहसील अध्यक्ष टहरौली रामनरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, जिला सचिव साहब सिंह उज्जयान, भगवान सिंह यादव पाली, प्रेम सिंह यादव पालर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दुकान में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। गरौठा थाना क्षेत्र के ग्राम गोहना में दुकान के अंदर घुसकर मारपीट करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित मनीराम पुत्र रामलाल निवासी गोहना की तहरीर पर चंद्रपाल व विनोद निवासीगण ग्राम गोहना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अभिलेख के अनुसार घटना 20 अक्टूबर 2026 की रात करीब नौ बजे की बताई गई है। आरोप है कि दो लोगों ने पीड़ित की दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट की तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में गरौठा पुलिस ने एक नवंबर 2026 को मुकदमा अपराध संख्या 160/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 333, 115(2), 352 एवं 351(3) में मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच एवं अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

त्यौहार पर साफ सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई:चेयरमैन प्रतिनिधि

लापरवाही बरतने वाले आधा दर्जन सफाई नायकों के कार्य क्षेत्र में बदलाब के निर्देश दिए

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। आगामी दीपावली एवं धनतेरस पर्व को देखते हुए नगर की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पूर्व विधायक एवं प्रतिनिधि चेयरमैन आसिफ खां बब्बू ने अपने निजी आवास पर पालिका के सफाई निरीक्षक और सफाई नायकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने नगर के सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के कड़े निर्देश दिए। चेयरमैन प्रतिनिधि आसिफ खां बब्बू ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कार्य में उदासीनता बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।लापरवाही की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने आधा दर्जन सफाई नायकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने मुख्य मार्गों और गलियों में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।साथ ही धनतेरस के अवसर पर मुख्य बाजार एवं व्यापारिक क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था रखने और व्यापारी वर्ग की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों और रोशनी का पर्व है। हमारा प्रयास है कि त्योहार पर नगर का प्रत्येक वार्ड स्वच्छ, सुंदर और रोशनी से जगमगाता नजर आए।इसके लिए पालिका प्रशासन को पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए।जनता की पालिका से जुड़ी सुविधाओ के प्रति किसी भी समस्या के लिए संबंधित कर्मचारी अगर लापरवाही बरतेगा तो उस पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा ने तेज की तैयारियां

जिलास्तरीय बैठक कर कार्यकताओं में भरा जोश

बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार ने कहा- 2022 से अलग स्तर पर चल रही चुनावी तैयारी, आगामी चुनाव में बसपा प्रत्याशियों से होगा सीधा मुकाबला

अमन लेखनी समाचार



कालपी, जालौन। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपनी राजनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कालपी स्थित एक होटल में बसपा की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने और चुनावी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पहुंचे बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर अध्यक्षों और महासचिवों के साथ संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही कालपी विधानसभा के प्रभारी प्रत्याशी वीरपाल सिंह चौहान को मजबूत करने की रणनीति पर भी मंथन किया गया। लालाराम अहिरवार ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां वर्ष 2022 के चुनाव की तुलना में अलग स्तर पर की जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में बसपा प्रत्याशियों का सीधा मुकाबला होगा और पार्टी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। दिवाली से पहले आयोजित इस बैठक में पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों का सम्मान समारोह भी हुआ। इस दौरान संगठन की एकजुटता और आगामी चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया। बैठक में पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति, पूर्व मंत्री चैन सुख भारती, जिलाध्यक्ष बृजेश जाटव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष परशुराम दोहरे और पूर्व जिलाध्यक्ष अतर सिंह पाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ऑटो और ई-रिक्शा की भीषण टक्कर में महिला का सिर धड़ से अलग, छह घायल

अमन लेखनी समाचार

पचदेवरा। थाना क्षेत्र में धर्मपुर गांव के पास सोमवार दोपहर ऑटो और ई-रिक्शा की हुई भीषण टक्कर में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि महिला का सिर धड़ से अलग हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मृतका की पहचान रामगुनी पत्नी दयाराम निवासी ग्राम रामपुर थाना मऊदरवाजा जनपद फरुर्खाबाद के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पचदेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव ने बताया कि सीएनजी ऑटो और ई-रिक्शा की टक्कर में महिला की मौत हुई है। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

जालौन में यातायात माह नवंबर 2026 का भव्य शुभारंभ, एसपी और डीएम ने दिखाई हरी झंडी

अमन लेखनी समाचार

जालौन। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को यातायात माह नवंबर 2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने फीता काटकर किया। इसके बाद जिलाधिकारी समीर एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। यमराज के प्रतीकात्मक किरदार के जरिए सड़क पर लापरवाही और नियमों की अनदेखी से होने वाले गंभीर परिणामों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी समीर और पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें और शराब अथवा किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाएं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और बाइक पर तीन सवारी न बैठाने की अपील की। वहीं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहनों एवं इंटरसेप्टर वाहन को रवाना किया। ये वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर अनाउंसमेंट, नारों और जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे। इसके साथ ही उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई गई। यातायात माह के शुभारंभ के साथ ही पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी किसी की जिंदगी पर भारी पड़ सकती है, इसलिए सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है।

कालपी के वरिष्ठ अधिवक्ता गयादीन अहिरवार की हत्या, कानपुर के सचेंडी क्षेत्र में मिला शव

तीन संदिग्ध हिरासत में, जमीन विवाद में हत्या किए जाने की आशंका; एसपी ने रातभर कालपी में रुककर संभाली कमान

अमन लेखनी समाचार



कालपी (जालौन)। जनपद जालौन के कालपी थाना क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता गयादीन अहिरवार की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के बाद हत्या कर दी गई। उनका शव कानपुर नगर के सचेंडी थाना क्षेत्र से बरामद हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिए जाने की आशंका सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिवक्ता गयादीन अहिरवार बीते दिन उरई न्यायालय आए थे। न्यायालय से काम निपटाने के बाद वह कालपी वापस पहुंचे और अपने बेटे को स्टैंड पर बुलाया था। इसी दौरान एक व्यक्ति उनसे मिलने आया और किसी फाइल पर चर्चा करने का बहाना बनाकर उन्हें अपनी कार में बैठाकर ले गया। बताया गया कि कार में कुल चार लोग सवार थे। कुछ समय बाद अधिवक्ता का मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया, जिसके बाद परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों की सूचना पर पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और अधिवक्ता की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गईं। पुलिस अधीक्षक जालौन ने स्वयं रातभर कालपी में रुककर पुलिस टीमों को निर्देशित किया। इस दौरान तकनीकी सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से संदिग्धों की तलाश की गई। पुलिस टीमों ने रातभर अभियान चलाकर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। उनकी निशानदेही पर कानपुर नगर के सचेंडी थाना क्षेत्र से अधिवक्ता गयादीन अहिरवार का शव बरामद कर लिया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा पंचायतनामा और पोस्टमार्टम सहित अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में जमीन से जुड़े विवाद की बात सामने आई है। पुलिस इस पहलू सहित अन्य संभावित कारणों की गहनता से जांच कर रही है। साथ ही आरोपियों से पूछताछ कर वारदात में इस्तेमाल की गई कार और अन्य साक्ष्य बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना से कालपी क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा किया जाएगा।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



शाहरुख के 61वें बर्थडे पर रिलीज होगा 'किंग' का टीजर

नई दिल्ली। 2 नवंबर को शाहरुख खान 61 साल के हो जाएंगे और उनके जन्मदिन से पहले उनकी अपकमिंग फिल्म 'किंग' से जुड़ी किसी घोषणा या खुलासे को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रहस्यमयी पोस्ट डालने और ऐसी खबरें आने के बाद कि फिल्म का पहला गाना इस मौके पर आ सकता है, फैंस अब किसी और सरप्राइज की उम्मीद में 'मन्नत' की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। फिलहाल शाहरुख खान के बांद्रा स्थित घर 'मन्नत' में बड़े पैमाने पर काम चल रहा है, जिसके चलते वे और उनका परिवार अभी पाली हिल के एक आलीशान डुप्लेक्स अपार्टमेंट में रह रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



पहली एआई फीचर फिल्म फ्लॉप

लॉस एंजिलिस। कॉमी बॉक्स ऑफिस पर एक एआई फिल्म किस्मत आजमाने उतरी थी। खलीकि, फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। इससे जाहिर है कि इस तरह की फिल्मों का भारत में ही नहीं विदेश में भी कोई भविष्य नहीं है। एक्शन मसाला फिल्म 'द ओडिसी' के एआई वर्जन पहले ही अमेरिका के दर्शकों को नाकाबार गुजरी थी। इस बीच बीच में खलिसलुई- फ्यूचर फास्ट नाम की एक पूरी एआई फिल्म रिलीज की गई। ये फिल्म पिछले हफ्ते थिएटर्स में रिलीज हुई थी। ये फिल्म इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज हुई।



कटा हुआ हाथ बनकर पार्टी में पहुंचीं हेइडी

लॉस एंजिलिस। सुपरमॉडल हेइडी अपनी हैलोवीन पार्टी में कटे हुए हाथ के रूप में पहुंचीं। उनका यह लुक इतना अजीब और डरावना था कि हर कोई उन्हें देखता रह गया। अब उनकी तस्वीरें मां सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। हेइडी क्लम ने शनिवार रात न्यूयॉर्क में अपनी मशहूर हैलोवीन पार्टी का आयोजन किया। इस खास मौके पर उन्होंने अपने कॉस्ट्यूम के लिए एक कटे हुए हाथ का लुक चुना। खास बात रह थी कि इस कॉस्ट्यूम में उन्होंने अपने ही हाथ को दोबारा बनाया था। इसमें खून से सनी कलाई, अंगूठियां और खूबसूरत नेल आर्ट भी नजर आई। वहीं हाथ के बीच में उनका सिर दिखाई दे रहा था।



2 साल तक छोड़ा परफ्यूम का इस्तेमाल...


मुंबई। सामंथा रूथ प्रभु एक तरफ जहां इस वक्त अपनी हालिया फिल्म 'मां इंटी बंगारम' की ब्लॉकबस्टर सफलता को इंजॉय कर रही हैं। वहीं, अपने परफ्यूम ब्रैंड 'सीक्रेट एल्केमिस्ट' में भारी भरकम रेवेन्यू पाने को लेकर भी खबरों में हैं। बताया जा रहा है कि उनकी इस कंपनी ने पिछले आठ महीनों में आठ गुना मुनाफा कमाया और करीब 120 करोड़ रुपए का रेवेन्यू मार्क पार कर लिया है। एक वक्त ऐसा भी था जब सामंथा अपनी हेल्थ प्रॉब्लम से जूझ रही थीं और डॉक्टर ने हाई केमिकल्स का इस्तेमाल कम करने की सलाह दी थी। उन्होंने करीब दो साल तक परफ्यूम इस्तेमाल करना छोड़ दिया था और अब अपने परफ्यूम ब्रैंड से जमकर कमाई कर रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सामंथा ने अंकिता धड़ानी और आकाश चावलिया के साथ मिलकर 'सीक्रेट अल्केमिस्ट' की शुरुआत की थी।



11 साल बाद हो 'आरसी 17' में आएंगे नजर

नई दिल्ली। साउथ फिल्मों के म्यूजिशियन अनिरुद्ध रविचंदर मौजूदा समय में अपनी शादी को लेकर बिजी हैं। वे सनराइजर्स हैदराबाद की सीईओ काव्या मारन के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस वजह से हाल ही में ऐसी खबर आई कि उन्होंने शाहरुख खान की किंग फिल्म भी छोड़ दी है। वहीं, आने वाले समय के लिए उन्होंने नया प्रोजेक्ट भी ले लिया है। अनिरुद्ध अब 11 साल बाद साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ काम करने जा रहे हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म आरसी 17 में अनिरुद्ध रविचंदर म्यूजिक कंपोजर के तौर पर नजर आएंगे। 1 नवंबर को ही राम चरण की इस फिल्म की पूजा सेरेमनी रखी गई थी। कार्यक्रम 10:50 मिनट पर शुरू हुआ था। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर से 11 साल के बाद पुष्पा फेम डायरेक्टर सुकुमार संग राम चरण ने हाथ मिलाया है।

टीवी मसाला



मुझे अपनी जिंदगी में कोई मर्द नहीं चाहिए : अंशा

नई दिल्ली। बरो से आईडी वाले अभिनेता अजय जैसवाल टीवी का एक जाना पहचाना चेहरा हैं। इंडस्ट्री में तो उन्होंने अपने अभिनय से छाप छोड़ी ही है, वह लड़कियों के भी चहेते हैं। अभिनेती अपनी निजी जिंदगी के बारे में कम ही बात करते हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में कई बातें बताई हैं। अभिनेती ने खासतौर से बताया कि वह सिंगल हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जो महिलाएं बहुत आत्मनिर्भर होती हैं, उन्हें इससे गुजरना पड़ता है। बहुत सारे लोग पूछते हैं कि तुम्हारा कोई पार्टनर क्यों नहीं है। मुझे नहीं पता कि पार्टनर क्यों नहीं है। कई बार आत्मनिर्भर होने की वजह से, तो कई बार फेल रिलेशनशिप की वजह से ऐसा होता है। अभिनेती ने अपने रिश्ते के बारे में कहा, 'मेरे फेल रिलेशनशिप को मैं 15 साल हो गए हैं। इसके बाद मैं कई लोगों से मिली, लेकिन बात नहीं बनी। मशहूर महिलाओं के साथ ऐसा होता है। 13 साल से मैं सिंगल हूं और मैं किसी रिलेशनशिप में नहीं रही। ना ही किसी तरह की मिसअंडरस्टैंडिंग में रही। शादी करने के बारे में अभिनेती ने कहा, 'मुझे अपनी जिंदगी में कोई नया नहीं चाहिए। फोन से दूर जाने पहले मुझे पहचानने होगा कि मुझे जिंदगी में नई की जरूरत नहीं है। ना ही मैं शादी करूंगी। अगर कोई ऐसा आ गया जो मुझे शादी मैटेरियल लगा, तो मैं सोच सकती हूं। अंशा जैसवाल के मुताबिक उनके माता-पिता अलग-अलग धर्मों से आते हैं। वह किस धर्म को फॉलो करती हैं, इस सवाल के जवाब में अभिनेती ने कहा 'जब मेरे मम्मी-पापा की शादी हुई, तो दोनों अपने-अपने रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंधे। मम्मी-पापा ने सिक्ख की विधि और शादी की। मैं सनातन में पली हूं, पूजा भी करती हूं। हम ईद में सीर खाते हैं और दिवाली पर पूजा भी करते हैं।

13 साल का रिश्ता और 15 मिनट में रच ली शादी

नई दिल्ली। आपने एक कहावत सुनी होगी 'जट मंगली पट ब्याह'। आमतौर अरेंज मैरिज में कोई जल्द रिश्ता मिल जाए तो शादी में तुरंत करने का फैसला ले लिया जाता है। मगर, जहां एक दंपत्ति के उम्मीदों की छोटी और जरूरतों हो, वहां शादी के आयोजन भी कुछ खास होते होंगे। कम से कम दो-तीन दिन के फंक्शन की प्लानिंग तो आम बात है। मगर, हिना खान के मामले में कहानी थोड़ी फिल्मी है। इंदौरी और रॉकी ने 15 मिनट से भी कम समय में शादी रचा ली। ऐसा खुलासा खुद हिना खान ने किया है। हिना खान ने रॉकी से शादी उस वक्त की थी, जब से ब्रेस्ट कैंसर का उपचार करा रही थीं। उन्हें स्टेज तीन का कैंसर पता चला था। बीमारी के दौरान रॉकी उनके साथ डटे रहे। हिना ने बताया कि कैंसर के उपचार के दौरान ही उन्होंने शादी करने का फैसला लिया था और यह अचानक लिया गया निर्णय था।

धर्मेंद्र-हेमा की बेटी होने की वजह से भी मुश्किल रहा एशा का फिल्मी सफर

मुंबई। फिल्मी परिवार से आने वाले कलाकारों को अक्सर अपनी मेहनत और प्रतिभा साबित करने के लिए दोहरी कसौटी पर परखा जाता है। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और अभिनेत्री हेमा मालिनी की बेटी एशा देओल भी इस तुलना से अछूती नहीं रही हैं। हालांकि, 25 साल के करियर में उन्होंने आलोचकों को नजरअंदाज कर अपने काम पर ध्यान देना सीखा है। एशा का मानना है कि बाहरी तय मानकों पर खरे उतरने के लिए आपको कड़ी मेहनत और प्रतिभा दोनों की जरूरत है और कुछ लोग के साथ ऐसा नहीं होता है। 1955 में जब सचदेवा ने को पहली फिल्म 'अजंता अजंती' पर ही आई, तब अजित खान (अभिनेता किंग के बुजुर्ग) उनके (अभिनेता अमजद) से अभिनेताओं के बीच काम कर रहे थे। कोलकाता में उनका पहले आना आसान नहीं हुआ था। बिहार सरकार का आसपास सिनेमा आगे दोनों इलाके 'खेतानगढ़' में रहने वाले आदिवासियों के जीवन, संस्कृति और मेलों से दुनिया को परिचय कराना चाहता था। इस संस्कृत सिनेमा को स्थापना के लिए सरकार ने वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) निर्माण का निर्णय लिया था।



हेमा ने ऐशा को दी थी ये सलाह

यह करियर की शुरुआत से ही मेरी मम्मी ने सलाह दी थी और आज इस लाइन में हैं, तो तैयार रहिए मेरी तुलना मम्मी से होगी। बावजूद मैं लड़की हूं, तो मेरी तुलना मम्मी से होगी। लगातार जरूरत से आज वेब-परस्त तो आज भी होती है, लेकिन आपको इस लाइन में लोग बहुत तौर होना पड़ता है। रोजे-रोजे से या डरने से कुछ नहीं होता है। अपना फोकस रखो, बेमतलब करो।

इंडस्ट्री में एशा के 25 साल पूरे

सोशियल मीडिया फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं, तो मैंने अपनी बेमतलब मेहनत कर ली होगी। प्रतिभा फिल्म में कलाकार को बात तो होगी। मैं काम से बहुत खुश करती हूं, ऐसे में कहीं न कहीं मेरे काम अच्छे थे, तो मैं अपने माता पिता के यहां पैदा हुई हूं।

माता-पिता की उपलब्धियों के आधार पर होती है तुलना

फिल्म इंडस्ट्री में ऐशा को उनके माता-पिता की उपलब्धियों के आधार पर आंका जाना स्वाभाविक था, लेकिन वह इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तैयारी के साथ इंडस्ट्री में आई थीं। ऐशा कहती हैं कि लोग तो आज भी आंकते हैं, जज करते हैं। मेरे ख्याल से आज की यह सबसे उपयुक्त विषय है। यह ऐसी लहर है, जो चलेगी, फिर रुकेगी और फिर चलेगी। आप इस चीजों को ज्यादा दिल पर नहीं ले सकते हैं। आखिर आप पर इन चीजों का असर हो रहा है, तो समझ जाइए की आप सफल ऐसे ही हैं।

रावण और जटायू के फाइट सीन में लगे 6 साल : नितेश

टीम ने 'पुष्पक विमान' पर लगभग दो साल किया काम

नई दिल्ली। रामायण: राइज ऑफ द लेजेंड को बड़े पर्दे पर लाने के लिए सालों की खोजबीन और मेहनत लगी है। निर्देशक नितेश तिवारी ने अब फिल्म के कुछ अहम पहलुओं को खंगाले के प्रोसेस के बारे में बात की है। लेकिन, क्या आप सोच सकते हैं कि फिल्ममेकर को इस मूवी के सिर्फ एक सीन को शूट करने के लिए छह साल से भी अधिक समय लगा जी हां, रावण और जटायु के युद्ध सीन को लेकर ऐसी ही बात कही जा रही है। एक बातचीत में नितेश तिवारी ने बताया कि लिटिल रावण और जटायु के बीच वाले लड़ाई को पूरा करने में सबसे छह साल लग गए। इसके अलावा, टीम ने पुष्पक विमान पर लगभग दो साल काम किया। पाइपलाइन लुक तय करने से पहले उन्होंने इसके बजट्स डिजाइन पर विचार किया। उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में हजारों लोग शामिल थे और सिर्फ एक एक्शन सीक्वेंस को सही ढंग से तैयार करने के लिए कितनी ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। रावण और जटायु की लड़ाई को साकार करने में कई सालों की कोशिश और मेहनत लगी। फिल्म निर्माता ने बताया कि कलाकारों के जाने पहली बार से लेकर इसके पूरी तरह तैयार होने तक, इस एक सीक्वेंस को बनाने में उनकी टीम को सबसे छह साल लग गए। उन्होंने कहा, क्या आप जानते हैं कि रावण और जटायु की लड़ाई को पूरा करने में हमें कितना समय लगा उस बीच के सालों में हमने कितना कुछ किया? उस समय कलाकारों को इसके बारे में बताया था, तब से लेकर काम पूरा होने तक, पूरे सादे छह साल लग गए। सिर्फ एक एक्शन सीक्वेंस! हर चीज को बिल्कुल सुरुआत से बनाने में कितनी मेहनत लगी है, यह बताने के लिए मैं एक घंटे तक लगातार बात कर सकता हूं।



आदिवासियों की संस्कृति और मेलों से दुनिया को कराया परिचय

पर्दे पर उतारा आदिवासियों का जीवन, ऋत्विक के सिनेमाई सफर की रोचक कहानी

रांची। आदिवासी जीवन को करीब से देखने वाले उस दिग्गजकार के निर्देशन की शुरुआत की थी उस पर आधारित वृत्तचित्रों से और जीवन का विस्तार से विश्लेषण, विस्थापन और उत्पीड़न के दस्तावेज में उनके जीवन को कुछ वैसे ही समेटेंगे। महान फिल्मकारों में शामिल ऋत्विक घटक एक अच्छा और विशिष्ट स्थान रखते हैं। बंगाल सिनेमा की प्रसिद्ध तीन में वे शामिल हैं और मृणाल सेन के साथ सिनेमा को नई ऊंचाई देने वाले हैं। 1955 में जब सचदेवा ने को पहली फिल्म 'अजंता अजंती' पर ही आई, तब ऋत्विक घटक बंगालियों बिहार के खुदरायें इलाके (वर्तमान झारखंड) में आदिवासियों के बीच काम कर रहे थे। कोलकाता से उनका वहां आना आसान नहीं हुआ था। बिहार सरकार का आसपास सिनेमा आगे दोनों इलाके 'खेतानगढ़' में रहने वाले आदिवासियों के जीवन, संस्कृति और मेलों से दुनिया को परिचय कराना चाहता था। इस संस्कृत सिनेमा को स्थापना के लिए सरकार ने वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) निर्माण का निर्णय लिया था।

वृत्तचित्र निर्माण और शुरुआती गुड़ाव

उस समय सांस्कृतिक विभाग सरकार की पत्रिका 'आदिवासी' के संपादक थे। उन्हें सिनेमा की आवाजी समझ थी और सुबह व कोलकाता में फिल्म लेखन से जुड़े रहने के कारण सरकार ने इस काम के लिए उनका चयन किया। सांस्कृतिक के संपर्क में आए ऋत्विक घटक उस समय युवा, उत्साहित और काम के प्रति खोज उत्साहित थे। बिहार सरकार ने वृत्तचित्र निर्माण के लिए कोलकाता के उत्पल गुहा स्टूडियो से करार किया था। सांस्कृतिक के लेखन के आधार पर ऋत्विक घटक ने तीन प्रमुख वृत्तचित्र बनाए 'आदिवासियों का जीवन खोज', 'उत्पल' और 'बिहार के पर्यटन स्थल'। इनमें से 'आदिवासियों का जीवन खोज' ही आज उपलब्ध है।



आदिवासी संस्कृति का गहरा अनुभव : जब ऋत्विक घटक का आदिवासी जन-जीवन से परिचय हुआ, तब उनकी उम्र 30 वर्ष थी। उन्होंने आदिवासियों के इतिहास, संस्कृति, जीवन शैली, उत्पल जीवनशैली और अभावों के बीच भी आनंद से जीने की प्रवृत्ति को बहुत गहराई से अनुभव किया। उनके इस दृष्टिकोण को उनके लेख 'आउट ऑफ टर्न' में भी समझा जा सकता है। 15 मिनट की डॉक्यूमेंट्री 'आदिवासियों का जीवन खोज' में आदिवासियों का पूरा जीवन, मेले, शिकार, कृषि, शिकार का उत्सव, कारवां पूजा, पाइप्रा व्यवस्था, घर-मकान और इसमें जुड़ा कुछ समेटा गया है। छात्रों में सजग नजरिए, संस्कृति को देखने दृश्य और मंद्धर ढंग का संगीत इस वृत्तचित्र को जीवंत बनाते हैं। ऋत्विक घटक का मानना था कि वृत्तचित्र बनाने के लिए लोगों के प्रति सहज प्रेम होना जरूरी है, क्योंकि वृत्तचित्र मानव जीवन के सच्चे दस्तावेज होते हैं।

विस्थापन का दर्द और फिल्मों में वापसी

ऋत्विक घटक ने भले ही आजीविका के लिए वृत्तचित्र बनाए हों, लेकिन खोटानागपुर के प्रति उनका जुड़ाव उनकी बाद की फिल्मों में भी साफ दिखा। 1957 में उन्होंने 'उत्पल' का निर्देशन किया, जिसे उनकी प्रसिद्ध फिल्म 'अजांत्रिक' की शुरुआती कृति माना जाता है। इसकी शूटिंग 1965 में खोटानागपुर में हुई थी और इसके कुछ फुटेज 'अजांत्रिक' में भी इस्तेमाल किए गए। रांची में शूटिंग के दौरान उनका उत्पल और सुबर्णरेखा से गहरा रिश्ता बन गया था। इस रूमानुबंध के बार-बार विस्थापित होने के इतिहास ने ऋत्विक को अंदर तक प्रभावित किया। वे विस्थापन के इस विषयवस्तु को लगातार छू रहे थे, जो उनकी फिल्मों में बार-बार लौटकर आया।

रांची से लिखा ऐतिहासिक पत्र

22 फरवरी 1955 को ऋत्विक घटक ने रांची से अपनी मां पत्नी सुरमा को एक पत्र लिखा था, जो उनके इस जुड़ाव को दर्शाता है। उन्होंने लिखा- 'पिछले कुछ दिनों से मैं रांची में पूरे उत्साह के साथ काम कर रहा हूं। पर तब खुशी है, कैसे बताऊं? पूरा दिल उनके साथ बिल रहा हूं, उनकी मिट्टी का स्वाद ले रहा हूं, उनके गीतों को मधुर धुनें और उनके मूल्यों की महक सब, उपेक्षित जीवन में जीने की उनकी लड़ाई। मैं इन सबमें का बस एक टुकड़ा ही अपने साथ ले जा सकता हूं, लेकिन इतनी सुंदर चीजें शामिल हो जाता है कि मैं लोगों को समझा सकता हूं। मैं फिर से वापस आना चाहता हूं, और भी बड़ी, ज्यादा महत्वपूर्णों और व्यापक फिल्में बनाने के लिए।'

अजांत्रिक और मुख्यधारा का सिनेमा

खास ने जब ऋत्विक घटक ने अपनी पहली व्यावसायिक फीचर फिल्म 'अजांत्रिक' (1958) बनाई, तो ये फिर से शूटिंग के लिए रांची और उसके आसपास के इलाकों में लौटे। इस फिल्म की सबसे खास बात यह थी कि पहली बार आदिवासी कहे पर्दे पर आदिवासी समाज को इतने यथार्थवादी ढंग से दिखाया गया। फिल्म के मुख्यधारा के दर्शक उस दौर के आदिवासी जीवन और उनकी सामूहिक संरचना को समझ सकें।